हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, बुधवार 17 जुलाई 2024

दूसरी मेरिट सूची के बाद भी 30% सीटें खाली, अब काउंसिलिंग के जरिये दाखिला

शेष सीटों के लिए 20 जुलाई तक चलेगी काउंसिलिंग, 30 जुलाई से पहले प्रवेश प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले के सबसे बड़े दिग्विजय महाविद्यालय में प्रवेश के लिए पहली सूची पर दाखिला मिलने के बाद अब दूसरी सूची जारी कर दी गई है। दो सूची जारी होने के बाद भी अब तक सीटे नहीं भरी जा सकी है। हालत यह है कि कॉलेज में बी. कॉम से लेकर बीए, बीएससी जैसे संकाय में 30 फीसदी तक सीटें खाली है। ऐसे में अब इन सीटों पर प्रवेश के लिए कॉलेज अपने स्तर पर मुक्त प्रवेश दे पाएंगे।

उल्लेखनीय है कि पहली दफा दिग्विजय महाविद्यालय में भी दाखिले के लिए विश्वविद्यालय स्तर से ही सभी प्रक्रिया की जा रही है। ऑनलाईन दाखिले के साथ ही मेरिट सूची जारी करने व प्रवेश देने के लिए विश्वविद्यालय के पोर्टल से ही पूरी प्रक्रिया की जा रही है। इधर दाखिले की प्रक्रिया के बीच एक जुलाई से सभी कॉलेजों में नया सत्र शुरू कर दिया गया है। नई शिक्षा नीति के तहत अब सभी कॉलेजों में एक जैसा ही पाठ्यक्रम का उपयोग किया जाएगा। वहीं अब वार्षिक परीक्षा की जगह सेमेस्टर परीक्षाएं ही ली जाएगी। हालांकि दिग्विजय कॉलेज स्वशासी होने के चलते अपना परीक्षा का समय-सारिणी जारी कर सकेगा, लेकिन उसे भी सालाना कैलेंडर के अनुसार ही चलना होगा।

पांच हजार सीटें, 1900 पर दाखिला

दिग्विजय कॉलेज की पांच हजार स्नातक एवं 1600 पोस्ट ग्रेजुएशन सीटों के लिए दाखिला दिया जा रहा है। इनमें यूजी में बीए में 458 सीट, बी. कॉम में 412, बीएससी में 661, बीसीए में 58 और डीसीए में 56 सीटें शामिल है। मिली जानकारी के अनुसार यूजी में पौने 5 हजार सीट पर 30 प्रतिशत एडमिशन हुआ है। 70 प्रतिशत सीट अभी रिक्त है। कॉलेज द्वारा जारी पहली मेरिट सूची में बीए सामान्य वर्ग 76 प्रतिशत, बी. कॉम 80 प्रतिशत, बीएसी गणित 75 प्रतिशत, बीएसी बायो 80 प्रतिशत कटऑफ था।

ऑनलाईन आवेदन पर प्रवेश

नई शिक्षा नीति के तहत किसी भी कॉलेज में दाखिले के लिए अब ऑनलाईन आवेदन अनिवार्य कर दिया गया है। बिना ऑनलाईन आवेदन के दाखिला नहीं दिया जाएगा। यही कारण है कि अब सभी कॉलेजों के लिए दाखिला विश्वविद्यालय के पोर्टल के जरिये ही लिया जा रहा है। वहीं शासन ने अपने आदेश पर भी साफ कर दिया है कि किसी भी स्थिति में ऑफलाईन आवेदन लेकर दाखिला नहीं दिया जाना है।

दो सूची हो चुकी जारी

मिली जानकारी के अनुसार अब तक दाखिले के लिए कॉलेज द्वारा दो मेरिट सूची जारी की जा चुकी है। पहली सूची 28 जून को जारी की गई थी। इसमें 6 जुलाई तक दाखिले के लिए समय दिया गया था। इसके बाद 9 जुलाई को दूसरी मेरिट सूची जारी कर 15 जुलाई तक दाखिले के लिए अवसर दिया जाएगा। इसके बाद 25 जुलाई तक कॉलेज स्तर पर मुक्त प्रवेश दिया जाएगा। पहली बार ऐसा होगा कि कॉलेजों में जुलाई महीने में ही दाखिले की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी।

फिर नेताओं के हवाले सफाई ठेके का काम

5 सौ रुपए में काम लेकर करेंगे 250 भुगतान, आधे कर्मियों से होगी सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

करीबन एक महीने तक चली खींचतान के बाद आखिरकार एक बार फिर शहर के दो दर्जन से अधिक वार्डों में सफाई का जिम्मा ठेकों पर दे दिया गया है। महापौर हेमा देशमुख द्वारा पहले टेंडर में नियमों की अवहेलना का आरोप लगाते इसे निरस्त किया गया था, लेकिन महापौर द्वारा ही एमआईसी में पास होने से पहले ही प्रत्याशा के आधार पर इसे स्वीकृत कर दिया गया। जिसको लेकर कांग्रेस के कुछ एमआईसी सदस्य और पार्षद भी नाराज बताए जा रहे है।

इधर करीब पखवाड़ेभर तक बंद रहने के बाद फिर से सफाई का ठेका नेताओं के हवाले हो गया है। सूत्रों की माने तो 12 वार्ड का संचालन कांग्रेसी पार्षदों द्वारा किया जाएगा। वहीं 15 का काम भाजपा समर्थित पार्षद को दिया गया है। इसके अलावा रात्रिकालीन एवं हॉट बाजार का सफाई ठेका भी नेताओं के पास ही है।

नेताओं के पास सफाई ठेका होने का सीधा नुकसान कर्मचारियों को झेलना पड़ता है। नेताओं द्वारा तो सफाई ठेका प्रति कर्मचारी पौने पांच से पांच सौ रुपए की दर से ले लिया जाता है, लेकिन फिल्ड में काम करने वाले सफाई कर्मचारियों को दिन का ढाई सौ से पौने तीन सौ रुपए का ही भुगतान किया जाता है। इतना ही नहीं जिन वार्डों में 10 कर्मचारियों की अनुमति होती है, वहां भी नेता मुनाफा कमाने के लिए आधे कर्मचारियों को ही फिल्ड पर रखते हैं। ऐसे में आधे कर्मचारियों का भुगतान उन्हें पूरा बच जाता है।

इन वार्डों में ठेके पर सफाई व्यवस्था

मिली जानकारी के अनुसार शहर के वार्ड क्र. 1, 4, 6, 7, 8, 10, 13, 15, 16, 17, 18, 19, 21, 22, 23, 24, 32, 33, 35, 39, 40, 41, 42, 44, 46 के साथ ही वार्ड क्रमांक 51 के लिए सफाई की व्यवस्था ठेके पर दी जाती है। ऐसे ही बाजार इलाके में रात्रिकालीन एवं हॉट बाजार की सफाई के लिए भी ठेका किया जाता है। इन इलाकों में ही सफाई व्यवस्था सर्वाधिक प्रभावित हुई है।

कलेक्टर दर पर भुगतान करने की मांग

ढाई सौ रुपए प्रतिदिन के दर पर भुगतान प्राप्त कर रहे सफाई कर्मचारियों ने कलेक्टर दर पर भुगतान को लेकर अपनी आवाज बुलंद करनी शुरू कर दी है। लगभग 15-20 वर्षों से यह सफाई कर्मचारी राजनांदगांव नगर निगम क्षेत्र में सफाई व्यवस्था संभाले हुए हैं। सफाई कर्मचारी कलेक्टर दर पर भुगतान किए जाने की मांग कर रहे हैं।

313 कर्मचारी किए जाएंगे तैनात

मिली जानकारी के अनुसार 27 वार्ड के साथ ही रात्रिकालीन व हॉट बाजार को मिलाकर करीबन 313 कर्मचारियों को ठेका पद्धति के तहत काम पर रखा गया है। एक कर्मचारी के पीछे निगम को रोजाना पौने पांच सौ रुपए औसतन का खर्च आएगा। ऐसे में महीने का लगभग 40 लाख व सालाना चार करोड़ से अधिक का वित्तीय भार निगम पर सफाई ठेके को लेकर आने वाला है। इन नेताओं द्वारा कर्मचारियों को कम भुगतान कर एवं संख्या अनुसार कर्मचारियों को रोजाना काम पर नहीं बुलाकर लगभग 50 से 70 हजार रुपए हर महीने बचाया जाता है।

सांसद से मिले सफाई कर्मी

आज सुबह नगर निगम में सफाई कर्मचारी एकत्रित हुए और रैली की शक्ल में वे सांसद कार्यालय पहुंचे। यहां सफाई कर्मचारियों ने सांसद संतोष पांडे से मुलाकात कर ठेकेदार द्वारा उनके रुपए में की जा रही कांटामारी को लेकर शिकायत की और कलेक्टर दर पर मजदूरी भुगतान करवाने का आग्रह किया। वहीं सांसद संतोष पांडे ने सफाई कर्मचारी की गुहार सुनते हुए हर संभव मदद करने का आश्वासन उन्हें दिया है।

पानी सप्लाई में टुल्लू पंप रोड़ा हाईकोर्ट सख्त, कार्रवाई के निर्देश

पानी नहीं मिलने पर लगाई थी जनहित याचिका

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

ग्रामीण क्षेत्र में पाइप लाइन से पानी सप्लाई नहीं किए जाने के मामले में कोर्ट कमिश्नर ने हाईकोर्ट में अपनी रिपोर्ट पेश कर दी है। इसमें कहा गया है कि सभी गांवों में पाइप लाइन से पानी दिया जा रहा, किन्तु ग्रामीण टुल्लू पम्प लगाकर पानी खींच रहे हैं। इस कारण आगे के घरों में पानी कम जा रहा है, जिन्होंने टुल्लू पंप नहीं लगाया है, इस पर हाईकोर्ट ने नाराजगी जताते हुए शासन को निर्देश दिया है कि वे टुल्लू पम्प लगाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करें।

कोर्ट ने जनहित याचिका निराकृत कर दी है। राजनांदगांव निवासी देवेंद्र मोहन ने राजनांदगांव के 25 गांवों में पाइप लाइन से पानी नहीं मिलने एवं चेक डेम का गलत जगह निर्माण किए जाने के कारण यह स्थिति उत्पन्न होने की बात कहते हुए जनहित याचिका दायर की थी। पिछली सुनवाई में शासन ने जवाब प्रस्तुत कर कहा कि सभी गांवों के प्रत्येक घर में पानी दिया जा रहा है। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने इसका विरोध किया। इस पर चीफ जस्टिस ने कोर्ट कमिश्नर नियुक्त कर जांच रिपोर्ट मांगी। कोर्ट कमिश्नर ने सभी गांवों का दौरा कर रिपोर्ट तैयार की। बिजली आपूर्ति बाधित होने से परेशानी रिपोर्ट में कहा गया कि सभी गांव में ग्राम पंचायतों के माध्यम से पाइप लाइन से जल आपूर्ति की जा रही, किन्तु ग्रामीण टुल्लू पम्प लगाकर सीधे पाइप से पानी ले रहे हैं। इस कारण आगे के घरों में बून्द-बून्द पानी जा रहा है। इस पर कोर्ट ने ग्राम पंचायतों को टुल्लू पम्प लगाकर पानी लेने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने कलेक्टर को इस पर कदम उठाने कहा है। सुनवाई के दौरान कोर्ट कमिश्नर ने कहा कि पानी की जांच नहीं हो रही। बिजली आपूर्ति बाधित होने के कारण इसमें लगातार परेशानी आ रही है। कोर्ट ने इसे गंभीरता से लेते हुए सीएसपीडीसीएल को बिजली आपूर्ति करने का आदेश दिया है।

रमन आज शहर के कई कार्यक्रमों में

राजनांदगांव। छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह कल 17 जुलाई को एक दिवसीय प्रवास पर शहर आ रहे हैं। वे इस दौरान अनेक कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। भाजपा मीडिया सेल के अनुसार डॉ. सिंह बुधवार को 11.30 बजे अपने रायपुर स्थित निवास खनिज नगर मौलश्री विहार से प्रस्थान कर दोपहर 12.20 बजे विश्राम गृह दुर्ग पहुंचेंगे। वे दोपहर 1.10 बजे चिखली राजनांदगांव पहुंचकर वैष्णव समाज के सामुदायिक भवन का लोकार्पण करेंगे। तत्पश्चात दोपहर 2 बजे से विधानसभा अध्यक्ष निवास राजनांदगांव आकर आम लोगों से मुलाकात करेंगे। वहीं शाम 4 बजे गांधी सभागृह में आकर एक पेड़ मां के नाम पौधा वितरण कार्यक्रम में हिस्सा लेगें। शाम 5.25 बजे विधानसभा अध्यक्ष निवास राजनांदगांव आकर रात्रि विश्राम करेंगे। इसी प्रकार दूसरे दिन स्थानीय कार्यक्रमों के लिए उनका समय आरक्षित रखा गया है।

चालानी कार्रवाई का नतीजा सिफर, 19 मौत के बाद भी बेधड़क मालवाहक में ढोई जा रही सवारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बीते मई माह में तेन्दूपत्ता तोड़कर लौट रहे कबीरधाम जिले में पिकअप वाहन सवार 19 लोगों की मौत के बाद माल वाहक में सवार लोगों को लेकर यातायात विभाग सजग हुआ और राजनांदगांव में ऐसे वाहन चालकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई। पुलिस की कार्रवाई के चलते माल वाहक में सवारी करते लोग नजर नहीं आ रहे थे, लेकिन अब एक बार फिर कार्रवाई के अभाव में माल वाहकों में लोगों की सवारी का सिलसिला शुरू हो गया है। बड़ी संख्या में क्षमता से अधिक लोगों को सवार कराकर माल वाहन शहर में सरपट दौड़ रहे हैं। इन मालवाहकों में मजदूरों से लेकर वैवाहिक कार्यक्रमों में जाने वाले लोगों की संख्या अधिक है। यात्री ले जा रहे ऐसे मालवाहकों को नहीं रोके जाने के चलते हादसों का खतरा भी बाना हुआ है। शहर के बीच से होकर गुजरने वाली राष्ट्रीय राजमार्ग पर प्रतिदिन मालवाहकों में सवार लोगों की दर्जनों गाड़ियां गुजर जाती है।

मजबूरी में भी यात्रा

बड़े पैमाने पर माल वाहकों में ग्रामीण क्षेत्र से ही सवारी का सिलसिला दिखाई देता है। वहीं शहर में निर्माण कार्य स्थल पर मजदूरों को लाने-ले जाने मालवाहकों में सवारी कराई जाती है। जिसके पीछे की मुख्य वजह माल वाहकों में अधिक सवारी ले जाने और सवारी गाड़ियों के मुकाबले खर्च भी कम होता है। अमूमन सवारी गाड़ियों में 8-9 लोगों के 100 किलोमीटर तक का सफर 2 हजार रुपए में तय होगा। वहीं मालवाहनों में 20-25 लोगों को 12-15 सौ रुपए में ले जाया जाता है। जिसके चलते लोग अपनी जान जोखिम में डाल देते हैं।

हादसे से भी सबक नहीं

अक्सर क्षमता से अधिक लोगों को माल वाहक के डाले में सवार कराए जाने के चलते जिलेभर में कई हादसे हुए हैं और दर्जनों लोगों की जान भी जा चुकी है। इसके बावजूद माल वाहनों में सवारी का सिलसिला बंद नहीं हुआ है। पुलिस विभाग द्वारा भी चंद दिनों ही कार्रवाई की जाती है और इसके बाद ऐसे वाहनों को रोका भी नहीं जाता है।

कांग्रेस ने सुनी पिता की पुकार न्याय के लिए बनी जांच कमेटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पशुक्रूरता के मामले में बेटे की मौत के बाद न्याय की गुहार लग रहे पिता की पुकार प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने सुनी और इस मामले में उसके बेटे को न्याय दिलाने जांच कमेटी बनाई है। जिसमें स्थानीय विधायक से लेकर अन्य जनप्रतिनिधियों को शामिल किया गया है। यह कमेटी इस मामले की जांच कर प्रदेश कांग्रेस कमेटी को रिपोर्ट सौंपेगी।

डोंगरगढ़ क्षेत्र के बेलगांव में पुलिस प्रताड़ना से आदिवासी युवक की मौत के मामले को कांग्रेस ने गंभीरता से लिया है। बीते दिनों डोंगरगढ़ थानांतर्गत ग्राम बेलगांव निवासी आदिवासी युवक टाकेश्वर कंवर के खिलाफ सोशल मीडिया पर वायरल फेंक न्यूज को आधार बनाकर स्थानीय पुलिस प्रशासन द्वारा प्रताड़ित किए जाने से मौत का मामला सामने आया था। जिसके बाद इस मामले की गंभीरता को देखते छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने विधायक इंद्रशाह मंडावी के नेतृत्व में छह सदस्यीय जांच समिति का गठन किया है।

कांग्रेसी की जांच कमेटी

प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा बनाई गई जांच कमेटी में इंद्रशाह मंडावी विधायक मोहला-मानपुर को संयोजक बनाया गया है। सदस्य के रूप में गुंडरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद, बिंद्रानवागढ़ विधायक जनकराम ध्रुव, डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता बघेल, आदिवासी कांग्रेस के केआर शाह, जिला कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू को शामिल किया गया है, जो बेलगांव पहुंचकर युवक के परिजनों तथा ग्रामवासियों से भेंटकर घटना के संबंध में चर्चा करेंगे और घटना की वस्तुस्थिति से अवगत कराते प्रतिवेदन प्रेषित करेंगे।

संजीवनी नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
डॉ. किशोर सांगोड़े
MBBS, MD (Internal Medicine)
• ब्लड प्रेशर • शुगर • थायराइड
• बुखार • खांसी • छाती रोग
• पेट रोग • किडनी • लकवा • माइग्रेन
• श्वास तथा हृदय संबंधित समस्या
• नसों से संबंधित बीमारियों के विशेषज्ञ
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

बाजार पर भी पड़ेगा असर, दुकानदारों को ग्राहकी का इंतजार

शादी का आज अंतिम मुहूर्त, 123 दिनों का लंबा ब्रेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

वैवाहिक मुहूर्त होने से लगातार मांगलिक आयोजनों का दौर जारी था। कल 17 जुलाई को देवशयनी एकादशी से अब इन गतिविधियों पर विराम लग जाएगा। देवउठनी एकादशी के साथ ही पुनः वैवाहिक मुहूर्त शुरू होंगे।

पंचाग के अनुसार आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी को देवशयनी एकादशी कहते हैं। इस वर्ष देवशयनी एकादशी की तिथि 16 जुलाई की रात 8 बजकर 33 मिनट से शुरू हो रही है, जो 17 जुलाई की रात 9 बजकर 2 मिनट तक रहेगी।

चार माह मुहूर्त नहीं

ऐसी मान्यता है कि देवशयनी एकादशी से भगवान विष्णु श्रीहरि चार माह के लिए योग निद्रा में चले जाते हैं। जिसके कारण शुभ मांगलिक आयोजन नहीं किए जाते। हालांकि अन्य धार्मिक आयोजन जारी रहते हैं। इस दौरान चार माह वैवाहिक मुहूर्त नहीं होंगे। जिसकी वजह से मांगलिक शहनाईयों की गूंज सुनाई नहीं देगी।

देवउठनी से पुनः शुरू होंगे मुहूर्त

शुभ वैवाहिक मुहूर्त एवं मांगलिक आयोजनों का क्रम चार माह बाद 12 नवंबर को देवउठनी एकादशी के साथ ही शुरू हो जाएगा। नवंबर माह से पुनः वैवाहिक आयोजनों का क्रम जारी रहेगा। ज्ञात हो कि पूर्व में लगातार मुहूर्त होने से वैवाहिक आयोजनों का दौर बना रहा। जिससे लोगों की व्यस्तता बनी रही।

गुरूपूर्णिमा को लेकर उत्साह

इधर जुलाई माह में 21 तारीख को अंचल में गुरूपूर्णिमा मनाए जाने की व्यापक तैयारियां की जा रही है। पंचाग के अनुसार इस साल आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि 20 जुलाई को शाम 5 बजकर 59 मिनट पर शुरू हो रही है। वहीं इस तिथि की समाप्ति 21 जुलाई को दोपहर 3 बजकर 46 मिनट पर होगी।उदयातिथि को देखते गुरूपूर्णिमा का पर्व 21 जुलाई को मनाया जाएगा। इस पर्व को लेकर विभिन्न सामाजिक संगठन सहित अन्य संगठनों द्वारा भव्य रूप से मनाए जाने की तैयारियां की जा रही है। मंदिरों में भी इस पर्व पर विविध धार्मिक कार्यक्रम होंगे।

खबर संक्षेप

नवमीं को हुई पूजा-अर्चना

डोंगरगढ़। गुप्त नवरात्रि की नवमीं को ऊपर पहाड़ पर विराजित आदि शक्ति बम्लेश्वरी के मंदिर में दशमहाविद्यायों की अराधना, साधना एवं कन्या पूजन, भोजन का आयोजन किया गया।

चौक-चौराहों में लगेंगे सीसीटीवी कैमरे

मोहला। पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह एवं एडिशनल एसपी मयंक गुर्जर की पहल पर मोहला के सेंटर जगहो पर सीसीटीवी कैमरा लगाने व्यापारियो की बैठक लेने के साथ अन्य लोगों से मुलाकात कर उन्हें चौक चौराहे पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने की सलाह दी गई। मोहला के व्यापारियो ने मोहला त्रिनेत्र समिति गठित कर शहर भ्रमण कर चौक चौराहो का सर्वे करते हुए 20 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरा लगाने का निर्णय लिया। इस संबंध में जागरूकता कार्यक्रम आगामी 20 जुलाई को सामुदायिक भवन मोहला में रखा गया है। इस कार्यक्रम में सीसीटीवी कैमरे की उपयोगिता एवं महत्व के बारे में पुलिस अधीक्षक व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अपने विचार रखेंगे।

माता शीतला की प्राण प्रतिष्ठा

खुज्जी। बेंदरकटा में शीतला माता की प्राण प्रतिष्ठा विधिवत पूजा अर्चना कर किया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर में आयोजित भंडारा में ग्रामवासी शामिल हुए। इस धार्मिक आयोजन में खोरबाहरा साहू, भैयालाल सोनटेके, मुकेश उइके, मधुकर सोनटेके, राजेन्द्र निषाद, देवार साहू, फकीरा पटेल, जीवराखन यादव, देवेंद्र साहू आदि शामिल हुए।

जगह-जगह नाली क्षतिग्रस्त

चिचोला। नेशनल हाईवे अंडरब्रिज के साइड में बनी नाली जगह-जगह क्षतिग्रस्त हो गई है। कंपनी द्वारा मरम्मत नहीं कराया जा रहा है। स्थानीय ग्रामीण बैंक के पास नाली काफी टूट गई है। यही स्थिति पोस्ट आफिस के पास भी है। नाली के क्षतिग्रस्त होने से कचरा जाम हो गया है। पानी की निकासी नहीं हो पा रही है। कुछ दिन पहले जानवर नाली में फंस गया था जिसे काफी मशक्कत कर निकाला गया। आने जाने वाले लोगों के लिए गड्ढा मुश्किल बन गए हैं। रात में अक्सर लोग गड्ढे में गिर कर चोटिल हो रहे हैं। फोर लेन कंपनी को जानकरी देकर उपसरपंच भावेश सिन्हा ने जल्द से जल्द सुधार कराने की मांग की है।

सुखरी स्कूल में न्योता भोज का आयोजन

अर्जुनी। प्राथमिक शाला सुखरी में 15 जुलाई को न्योता भोज का आयोजन जनपद सदस्य चर्न्द्रिका रोहित सोनकर ने किया। बच्चों को खीर, पुरी, सब्जी परोसा गया। इस अवसर पर प्राथमिक शाला सुखरी की प्रधान पाठक सपना भारद्वाज, शिक्षक गिरिजा साहू, सरस्वती साहू उपस्थित थी।

शाला में बाल कैबिनेट का गठन

जेवरतला रोड। प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला चेन्द्रीबन नवागाँव में बाल कैबिनेट का गठन किया गया। माध्यमिक शाला में प्रधानमंत्री कमल, वर्षा, शिक्षामंत्री तुलेश, निशा, खेलमंत्री सुनीता, लुमेश, कानून एवं सुरक्षा मंत्री दीपिका, लुकेश्वरी, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता मंत्री गेवेन्द्र, लिलेश्वरी, पर्यावरण मंत्री पेमन, हर्ष कुमार, कृषि एवं उद्योग मंत्री भव्य, मयंक चुने गए। प्राथमिक शाला में प्रधानमंत्री खिलेश, पेमेन्द्र, शिक्षा मंत्री योजस्वनी, रागिनी, खेलकूद एवं संस्कृति मंत्री तेजेश्वर, दीक्षा, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता मंत्री छविकांत, डिपेन्द्र नायक, कृषि एवं पर्यावरण मंत्री रीमा, पुष्कर, सुरक्षा एवं जन संपर्क मंत्री डिम्पल, अंकित, खाद्य विभाग मंत्री देवेन्द्र एवं डेविड का मनोनयन किया गया।इस अवसर में केसी आर्य, सीबी साहू, जी पटेल, एके देवांगन, एसके देवांगन, एनके साहू, सीके देवांगन, एम ठाकुर, के ठाकुर उपस्थित थे।

कोकपुर स्कूल में साइकिल वितरण

कोकपुर। स्थानीय हायर सेकेंडरी और मिडिल स्कूल में प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस दौरान सरस्वती सायकल योजना के तहत छात्राओं को साइकिल प्रदान किया गया। इको क्लब ने शाला परिसर में पौधरोपण किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य जागृति चुन्नी यदु थी। अध्यक्षता मुकेश सिन्हा ने किया। इस अवसर पर प्राचार्य केआर सोरी, प्रधानपाठक मनोज ठाकुर, शैलेंद्र यदु, अश्वनी क्षीरसागर, लता सोनी, दीपक राजपूत, प्रियंका रामटेके आदि उपस्थित थे।

बैठक में कानून व्यवस्था पर नजर रखने के निर्देश

खनिज के खनन, परिवहन पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

कलेक्टर एस जयवर्धन एवं पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कानून व्यवस्था के संबंध में अधिकारियों की बैठक ली।

बैठक में पुलिस, राजस्व, खनिज, आबकारी, लोक निर्माण एवं अन्य विभागीय अधिकारी शामिल हुए। कलेक्टर श्री जयवर्धन ने अधिकारियों से कहा कि जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए सभी संवेदनशीलता एवं पूर्ण जवाबदेही के साथ दायित्व निर्वहन करें।

बैठक में विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा कर प्रभावी क्रियान्वयन करने का निर्णय लिया गया।

अधिकारियों से चर्चा

कलेक्टर ने खनिज विभाग के अधिकारियों को अवैध खनिज उत्खनन एवं परिवहन पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। खनिज का अवैध परिवहन व भंडारण करने वाले व्यक्तियों एवं सरपंच सचिव पर कार्यवाही करने पर चर्चा किया गया। राजस्व व खनिज विभाग को समन्वय स्थापित कर अवैध रेत परिवहन, उत्खनन के प्रकरणों पर कार्यवाही करने कहा गया।

वन भूमि से अतिक्रमण हटाएं

बैठक में वन विभाग की भूमि पर किये जा रहे अतिक्रमण को हटाने कहा गया । बाढ़ प्रभावित व जल भराव की संभावना वाले मार्गों का चिन्हांकन कर संबंधित निर्माण एजेंसी विभाग को सूचित कर आवश्यक कार्यवाही करने कहा गया है। दुर्घटना जन्य क्षेत्र की पहचान कर प्रभावी नियंत्रण के लिए कार्ययोजना बनाने कहा गया है। जिले में शराब दुकान संचालन के संबंध में आबकारी विभाग को आवश्यक कार्रवाई किये जाने के संबंध में चर्चा किया गया। शराब दुकान में लगे अहाता में कचरा प्रबंधन के लिए समुचित उपाय करने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह ने जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए कानून के अनुसार नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

अतिक्रमण से शहर में बन रहे विवाद के हालात

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

वार्ड 20 भुरवाटोला की खाली शासकीय जमीन पर अवैध कब्जा को लेकर दो समुदायों के बीच विवाद के हालात बन गए थे। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम आरआर वर्मा, एसडीओपी आषीश कुंजाम, थानेदार जेके वर्मा ने दोनों पक्षों की बैठक लेकर समझौता करवाया।

अधिकारियों ने धार्मिक सोहार्द बिगाड़ने और शासकीय जमीन पर कब्जा करने वालों पर कड़ी कार्यवाही करने की बात कहा है। बताया जा रहा है कि वार्ड 20 में कालकापारा में अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत खाली हुई जगह में गरीबों के लिए बनाये गये आवास में बसाने का प्रयास किया गया था। वहां की खाली शासकीय भूमि पर कुछ लोग कब्जा करने का प्रयास कर रहे थे।

आसपास के लोग बसे हैं वह रिश्तेदार को लाकर बसाने का प्रयास कर रहे थे। नजूल की जगहों को भी घेरकर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा था। जमीन पर अवैध कब्जा को लेकर दो समुदाय के बीच विवाद की स्थिति निर्मित होने लगी थी।

इसी बीच शीतला मंदिर में अज्ञात व्यक्ति ने झंडा लगाकर तनाव की स्थिति निर्मित कर दिया था। मामले की जानकारी मिलते ही अधिकारियों ने झंडे को निकालकर शांति समिति की बैठक आयोजित किया। दोनो समुदाय के मुखियाओं की उपस्थिति में माहौल खराब करने वालों पर कार्यवाही की चेतावनी देते हुए समझाईष भी दी गई।

शहर में बाहरी लोगों की आवाजाही बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

■ बाहरी लोगों पर प्रशासन की नजर नहीं

शहर में बाहर से खाने कमाने आकर बसने वालों की संख्या में लगातर इजाफा हो रहा है। महाराष्ट्र सीमा से लगे शहर में बीते कुछ समय में होटल ढाबे का व्यापार काफी बढ़ा है। बाहर के लोग इस कारोबार को संचालित कर रहे हैं। इस कारोबार में मजदूरों की डिमांड होने के कारण दूसरे राज्य से लोग पलायन कर यहां आ रहे हैं। मध्यप्रदेश एवं महाराष्ट्र के लोग मजदूरी के लिए यहां आकर बस रहे है। शहर में अवैध शराब, देह व्यापार एवं नशीले पदार्थो का व्यापार भी तेजी से फलने-फूलने लगा है साथ ही चोरी आदि की घटनाएं भी तेजी से बढ़ रही है। हाल ही में आदर्श नगर के एक सूने मकान में लाखों की चोरी की घटना हुई थी। निर्माणाधीन मकानों से निर्माण सामग्री की चोरी की घटनाएं अक्सर होते रहती है। बताया जाता है कि कुछ अपराधिक गतिविधियों में लिप्त लोग भी शहर के निवासी बन गए है है, जिनकी जानकारी पुलिस को भी नहीं है। यह लोग कहां काम करते है और कहां ठहरते है की जानकारी भी पुलिस प्रशासन को देने से लोग परहेज कर रहे हैं। बाहरी लोगों की आवाजाही बढ़ने के साथ शहर में शासकीय जमीन पर अतिक्रमण भी बढ़ा है। बताया जाता है कि लोग अपने परिचित एवं रिश्तेदारों को बुलाकर बसा रहे हैं।

पानी की बर्बादी रोकने की समझाइश

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

नगर के लाल मूरतसिंह खुशरो हिंदी अंग्रेजी माध्यम स्कूल में पानी की बर्बादी का खुलासा होने के बाद शाला प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित किया गया। बैठक में पानी की बर्बादी नहीं करने की समझाइश दिया गया।

उल्लेखनीय है कि गत 15 जुलाई को सुबह 9 से शाम 5 बजे तक पानी व्यर्थ बहते रहा था। हजारों लीटर पानी की बर्बादी को लेकर हरिभूमि में खबर प्रकाशन के बाद स्कूल प्रबंधन ने 16 जुलाई को शाला प्रबंधन विकास समिति की बैठक रखी। बैठक में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों एवं सफाई कर्मचारियों को इस लापरवाही के लिए समझाइस देते हुए कहा गया कि भविष्य में इस प्रकार की घटना नहीं होना चाहिए।

सौहार्द के साथ मनाए मोहर्रम

छुईखदान। मुस्लिम समाज के मोहर्रम त्यौहार को ध्यान में रखते हुए स्थानीय थाने में अधिकारियों और नगर के सम्मानित जनों की बैठक लिया गया। कल सोमवार को मुस्लिम धर्म का बड़ा मोहर्रम त्योहार है। बैठक में मोहर्रम त्योहार को धार्मिक सौहार्द के साथ मनाने पर चर्चा हुई। बैठक में थाना प्रभारी शिवशंकर गेंदले, जिला प्रेस कलब अध्यक्ष सज्जाक खान, शेख निजमुद्दीन, अशरफ खान, इब्राहिम शेख, अमजद खान, आमीन खान, वीरेंद्र देवांगन सहित अन्य शामिल हुए।

नए कानून से मिलेगा त्वरित न्याय

एसपी ने विद्यार्थियों को दी कानूनी जानकारियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ ठेलकाडीह

नए कानून को लेकर लोगो को जागरूक करने सोमवार को पुलिस प्रशासन एवं भारतीय रिर्जव बैक से संचालित संस्था के तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में एसपी त्रिलोक बसंल ने भारत माता की पूजा अर्चना किया। इस मौके पर एसपी बसंल ने छात्र-छात्राओं से रूबरू होते हुए कहा कि नए कानूनों को लागू का करने का उदेश्य जनता को पारदर्शी और त्वरित न्याय दिलाने तथा दंड व्यवस्था से न्याय व्यवस्था की ओर ले जाना है। उन्होंने कहा कि नवीन कानून में जीरो में एफआईआर दर्ज करने के बाद मामले को जांच के लिए एक निश्चित समयावधि में संबधित थाने को भेजना होगा। उन्होने साइबर ठगी एवं यातायात संबंधी जानकारी दी। समर्पित संस्था के तेजस्वी वर्मा ने अंनजान नंबर से कॉल आने पर किसी प्रकार की जानकारी न दें। थाना प्रभारी अम्बरीश शर्मा ने कहा कि बैंक फ्राड करने वालों ने सोशल मीडिया को नया माध्यम बना लिया है। यह लोग फेसबुक, वाइसकॉल सहित अन्य माध्यम से ठगी करते है जिससे जागरूक रहकर बचा जा सकता है।

समझे सिर का महत्व, पहने हेलमेट

कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को एसपी बसंल ने हेलमेट का महत्व बताते हुए कहा कि इसे सिर का बोझ न समझे। जब कोई दुर्घटना होती है तो मौते अक्सर सिर में चोटे लगने के कारण होती है। उन्होंने स्वयं हेलमेट का उपयोग करने और पालकों को उपयोग करने के लिए प्रेरित करने कहा। कार्यक्रम में ठेलकाडीह थाना के एएसआई हिम्मतसिंह यादव, धन्नालाल सिन्हा, रमेश सिन्हा, आरक्षक विष्णु वर्मा, शिवानाथ योगी, श्रद्धा, श्वेता, केदार कोर्राम सहित अन्य उपस्थित थे।

एक पेड़ मां के नाम अभियान ने पकड़ा जोर, पौधारोपण करने आगे आ रहे लोग

घर आंगन को हरा भरा करने बांटे जा रहे पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

एक पेड़ मां के नाम' अभियान की शुरूवात करते हुए भाजपा के क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल, पूर्व सांसद प्रदीप गांधी, मधुसूदन यादव, पूर्व जिपं अध्यक्ष दिनेश गांधी, सहकारी बैंक के अध्यक्ष सचिन बघेल ने महिलाओं व ग्रामीण जनप्रतिनिधियों को विभिन्न प्रजाति के लगभग 1 हजार पौधे वितरित किए। इस मौके पर श्री जामवाल ने कहा कि धरती के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक पेड़ माँ के नाम अभियान शुरु किया है। पूर्व सांसद प्रदीप गांधी ने कहा कि पौधरोपण से ही पर्यावरण में सुधार होगा। पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने सभी से अधिक से अधिक पौधरोपण कर संरक्षित करने कहा। पूर्व जिपं अध्यक्ष दिनेश गांधी ने कहा कि पेड़ों से न सिर्फ पर्यावरण का संरक्षण होता है, बल्कि जल संचय भी होता है। आज दोनों की बहुत आवश्यकता है। उन्होनें महिलाओं से आव्हान किया कि जिस प्रकार वह अपने बच्चे का ध्यान रखती हैं उसी प्रकार पेड़ की भी देखभाल करें। पश्चात श्री जामवाल ने अन्य ने मंडी परिसर में पौधरोपण किया। कार्यक्रम का संचालन रामकुमार गुप्ता तथा आभार बालकृष्ण सिन्हा ने किया। इस मौके पर जिपं सदस्य जागृति यदु, अंजू त्रिपाठी, सरिता ढीमर, निर्मला सिन्हा, संतोष यादव, सिद्धिक बडगुजर, गुलशन हिरवानी, कोमल साहू, किशोर यादव, योगेश पटेल, लक्ष्मीनारायण सेन, राजू गिरी, नसीब रात्रे, गीता वैष्णव, नीलिमा सिन्हा, जुगन साहू, मानकी पटेल, हेमलता भारती, मधु भार्गव सहित अन्य उपस्थित थे।

हमर हरिहर डोंगरगाव अभियान के तहत तहसील साहू संघ ने कर्मा भवन परिसर एवं आसपास पौधरोपण किया। इस दौरान बरगद, पीपल, आंवला, गुलमोहर, रीठा, आम, नीम मीठा आदि के पौधे रोपे गए। पौधों की सुरक्षा की जिम्मेदारी पदाधिकारियों को दी गई। इस मौके पर संरक्षक अमरनाथ साहू, अध्यक्ष हेमंत साहू, धनराज साहू, रामप्रकाश साहू, शिवराम, मूलचंद, गणेश साहू, हिरदेराम, डा प्रेमदास, लविंद्र साव, दयालू साहू, पुरुषोत्तम साहू, सुंदरलाल साहू, ज्ञानचंद साहू, इन्दु साहू, कौशल साहू, नारायण साहू, देवेंद्र साहू, किशन साहू, नामदेव साहू, रज्जा राणा, घनश्याम साव सहित अन्य मौजूद थे।

जेवरतला रोड। उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिनकापार में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत जामुन, कटहल, नीम, आम के 30 पौधे लगाए गए। इस मौके पर प्रभारी प्राचार्य केके साहू ने बच्चों को घर, खेत में पौधे लगाने कहा। इस दौरान एसएल कोसरे, एस देवांगन, एम देवांगन, आर साहू, टी साहू, एचके सोनकर, डीके जंघेल, टीएन साहू, एके यारदा, गुलशन शांडिल्य, एके खोब्रागड़े, आरआर साहू आदि उपस्थित थे।

घुमका। कन्या पूर्व माध्यमिक शाला के राजेश सोनी ने आम, आंवला, नींबू, अमरुद, सीताफल, मुनगा, शहतूत, बादाम, काजू एवं करंज के 120 पौधे छात्राओं को वितरित किया। पंचायत प्रांगण में सरपंच फूलमती वर्मा ने पौधे वितरित करते हुए रोपण कर विशाल वृक्ष बनाने का आव्हान किया। इस अवसर पर बांकेलाल श्रीवास, इंद्रपाल सिंह, धनेंद्र सुलाखे, थानू यादव, उत्तम साहू आदि मौजूद थे।

सड़क अतरिया। घिरघोली के हाईस्कूल में मंगलवार को माँ के नाम एक वृक्ष अभियान के तहत छात्र छात्राओं, शिक्षक, पालको एवं ग्रामवासियों ने पौधे लगाया। पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने भी विद्यार्थियों के साथ पौधा रोपण किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष नेतराम जंघेल, रोहित जंघेल, सरपंच संतोष जंघेल, प्रचार्य सुनील यादव, ज्योति जडेजा, सुनीता सिन्हा, युवराज ठाकुर, अनुज जंघेल, बेहर साहू, बिसाहू जंघेल, बीरु ध्रुव सहित ग्रामवासी मौजूद थे।

आश्रम शाला में पौधरोपण

डोंगरगढ़। बछेराभाटा स्थित डॉ.आंबेडकर आदिवासी आवासीय शाला में अपराजिता टीम ने पौधरोपण किया। इस मौके पर उषा किरण शाह ने जन्मदिन मनाते हुए पेन वितरण किया। अपराजिता की टीम ने छात्रों से पढ़ाई, आवास व्यवस्था आदि के संबंध मे पूछताछ की। शाला के सुचारू संचालन, प्रशासनिक व्यवस्था एवं सफाई के लिए संचालक एसजी मेश्राम को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर अपराजिता टीम की अध्यक्ष उषा किरण शाह, सचिव ममता साहू, कोषाध्यक्ष कीर्ति मिश्रा, एरिया आफिसर भावना सिंग, अलका अग्रवाल उपस्थित थी।

खबर संक्षेप

स्वास्थ्य शिविर आज

खैरागढ़। समदा सुपर स्पेशलिटी अस्पताल बसंतपुर ने कल 17 जुलाई को मॉर्डन पब्लिक स्कूल ठेलकाडीह में निः शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया है। शिविर में पेट, आंत, लिवर, दाँत, मसूड़े, स्त्री रोग, हड्डी रोग आदि की जांच कर मुफ्त परामर्श दिया जाएगा। आयोजकों ने सभी ग्रामवासियों से शिविर का लाभ उठाने का आव्हान किया है।

कांग्रेस की पोल खोलेंगे उपाध्यक्ष

डोंगरगढ़। पालिका उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा ने कांग्रेस के अविश्वास प्रस्ताव गिरने के बाद कांग्रेस शासनकाल में हुए भ्रष्टाचार की पोल खोलने का दावा किया है। उन्होने कांग्रेस जनप्रतिनिधियों को आडे हाथ लेते हुए कहा कि एक बड़े नेता की कठपुतली बनकर पालिका के अधिकारी- कर्मचारियों पर दबाव बनाकर नियम विरूद्ध कार्य कराने के साथ राशि का दुरूपयोग किया गया है। इस मामले को जल्द ही सामने लाया जाएगा। उन्होंने भाजपा पार्षदों के साथ अभद्र व्यवहार एवं कमीशनखोरी के मामले को आम जनता के सामने रखकर आगामी निकाय चुनाव में भाजपा जीत दर्ज करेगी।



एसडीएम कार्यालय पहुंचकर कराई शिकायत दर्ज

वार्डों के परिसीमन को लेकर आखिरी दिन आई दावा आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

नगर पालिका के नए परिसीमन में दावा आपत्ति के आखिरी दिन कांग्रेस पदाधिकारियों ने शहर के इतवारी बाजार वार्ड के परिसीमन को निजी फायदे के लिए बताते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंच लिखित में आपत्ति दर्ज कराया है। वार्ड पार्षद दीपक देवांगन,पूर्व पार्षद मनराखन देवांगन सहित बड़ी संख्या में एसडीएम कार्यालय पहुंचे कांग्रेस पदाधिकारी और वार्डवासियों ने वार्ड परिसीमन के तहत इतवारी बाजार और अमलीपारा वार्ड में किए परिसीमन संशोधन को लेकर आपत्ति दर्ज कराते हुए कहा कि इसमे नियमों को ताक में रखकर परिसीमन किया गया है।

प्रकाशन दौरान इतवारी बाजार वार्ड की जनसंख्या 1169 और बरेठपारा वार्ड 6 की जनसंख्या 891 थी। इसमें ईतवारीबाजार वार्ड क 177 लोगों को बरेठपारा वार्ड में जोड़े जाने का प्रस्ताव नए परिसीमन में कर दिया गया है, जो विधि और नियम के खिलाफ है। पार्षद दीपक देवांगन ने कहा कि व्यक्तिगत रूप से राजनीतिक स्वार्थ लेने के उददेश्य से इस तरह का परिसीमन किया गया है। जो परिसीमन के नियमों का पालन नहीं करता है। जनसंख्या में परिवर्तन के लिए 15 फीसदी अंतर भी नहीं आ रहा है। नियमानुसार 15 फीसदी जनसंख्या अंतर आने पर ही वार्ड की सीमा व जनसंख्या को प्रभावित किया जाना है। वर्तमान मे की गई कारवाई को पूरी तरह से गलत बताते हुए उन्होने आपत्ति में कहा कि पहले किया गया परिसीमन 2011 की जनसंख्या के आधार पर है, लेकिन इस दफे नियमों को दरकिनार किया गया है।

अमलीपारा वार्ड में भी नहीं किया नियमों का पालन

शहर के अमलीपारा वार्ड में नए परिसीमन का भी विरोध दर्ज कराते हुए कहा गया कि इसमे भी नियमों को दरकिनार कर मुख्य सड़क को लांघकर परिसीमन किया गया है। अमलीपारा वार्ड के मतदाताओ को जानबूझकर धनेली वार्ड में जोड़ा गया है जो दूर है। अमलीपारा वार्ड के पूर्व परिसीमन को यथावत रखे जाने की मांग करते नए परिसीमन में आपत्ति दर्ज कराई गई है। नए परिसीमन में अमलीपारा वार्ड के दो हिस्सो को तोड़कर एक को वार्ड 14 सोनेसरार और दूसरे हिस्से को धनेली वार्ड 13 में जोड़े जाने का प्रावधान नए परिसीमन में किया गया है। इस दौरान अंकित चोपड़ा, मेहंद्र वर्मा, प्रदीप अग्रवाल, विपिन पटेल, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष सुमित जैन, हरिदर्शन ढीमर, गोपी यादव, नीलेश सोनी सहित अन्य आपत्ति जताए जाने के दौरान वार्डवासी मौजूद रहे।

फसल बीमा की अधिसूचना जारी, अंतिम तिथि 31 जुलाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



किसानों के फसल को प्रतिकूल मौसम, सूखा, बाढ़, जलप्लावन, की टठ्या धि, ओलावृष्टि जैसी प्राकृतिक आपदाओं के कारण नुकसानी से राहत दिलाने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की अधिसूचना जारी कर अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है। उप संचालक कृषि राजकुमार सोलंकी ने बताया की जिले के किसान मुख्य फसल धान सिंचित, धान असिंचित व अन्य फसल मक्का, सोयाबीन, अरहर, मूंग, कोदो, कुटकी, रागी, उड़द का बीमा करा सकते है।

योजनांतर्गत ऋणी व अऋणी किसान जो भूधारक व बटाईदार हो इसमे शामिल हो सकते है। योजनांतर्गत प्रति हेक्टेयर किसान द्वारा देय प्रीमियम राशि धान सिंचित के लिए 12 सौ और असिंचित के लिए 9 सौ देय होगा। सोयाबीन फसल के लिए 960, उड़द के लिए 540, कोदो के लिए 320, रागी के लिए 300 रूपए प्रति हेक्टेयर की दर से देय होगा। ऋणी कृषकों का बीमा संबंधित बैंक, सहकारी समिति द्वारा अनिवार्य रूप से किया जाएगा, उन्हें केवल घोषणा व बुवाई प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा।

अऋणी किसान बैंक, सहकारी समिति एवं लोक सेवा केन्द्र में बीमा प्रस्ताव फार्म, आधारकार्ड, बैंक पासबुक, भू-स्वामित्व साक्ष्य बी-1 पांचसाला/ किराएदार / साझेदार कृषक का दस्तावेज, बुवाई व घोषणा पत्र जमा कर बीमा करा सकते है।

नुकसानी से राहत पाने कराए बीमा

उप संचालक कृषि राजकुमार सोलंकी ने बताया कि किसान संबंधित समिति, संबंधित बैंक, एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, लोक सेवा केन्द्र के माध्यम से बीमा करा सकते हैं। अधिसूचित क्षेत्र व अधिसूचित फसल के लिए अलग-अलग वित्तीय संस्थाओं से कृषि ऋण स्वीकृत होने की स्थिति में को एक ही स्थान से बीमा कराया जाना है। इसकी सूचना किसान को संबंधित बैंक को देनी होगी। ऋणी एवं अऋणी कृषकों के द्वारा समान रकबा, खसरा का दुहरा बीमा कराने की स्थिति में उसके समस्त दस्तावेज को निरस्त करने का अधिकार बीमा कंपनी के पास होगा। फसल बीमा कराने के लिए समस्त ऋणी व अऋणी किसान को आधार कार्ड की नवीनतम/अद्यतन छायाप्रति संबंधित बैंक/संस्थान हो अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराया जाना है। आधार कार्ड उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में फसल बीमा नहीं किया जा सकेगा। उप संचालक श्री सोलंकी ने किसानो से अपील की है कि निर्धारित अंतिम तिथि 31 जुलाई के पहले अपने फसलों का बीमा कराए।

डीएमएफ के शासी परिषद की बैठक, जनहित से जुड़े विभिन्न कार्यों के लिए बनी कार्ययोजना

- सांसद की उपस्थिति में वार्षिक कार्ययोजना पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

सांसद संतोष पांडेय की उपस्थिति और कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा की अध्यक्षता में शासी परिषद की बैठक में जिला खनिज संस्थान न्यास डीएमएफ अंतर्गत वार्षिक कार्ययोजना पर चर्चा की गई। सांसद संतोष पांडेय ने डीएमएफ अंतर्गत जिले में लोकहित से जुड़े विभिन्न विकास कार्यों के संबंध में कार्य करने आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।

कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने बताया कि जनहित से जुड़े विभिन्न विकास कार्यों के लिए डीएमएफ अंतर्गत पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला व बाल विकास, जल संरक्षण, कृषि, कौशल विकास, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण सहित अन्य विभिन्न मुद्दों पर विकास के लिए कार्ययोजना बनाई गई है। जिस पर प्राथमिकता देकर कार्य किया जाना है। खनन प्रभावित प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष ग्रामों के लिए भी कार्य योजना बनाई गई है। इस अवसर पर विधायक यशोदा नीलाबर वर्मा, विधायक डोंगरगढ़ हर्षिता स्वामी बघेल, जिपं अध्यक्ष गीता घासी साहू, एसपी त्रिलोक बंसल, शासी परिषद सदस्य भागवत शरण सिंह, खम्हन ताम्रकार, प्रेमनारायण चंद्राकर व अन्य सदस्य सहित अपर कलेक्टर व डीएमफ नोडल अधिकारी प्रेमकुमार पटेल, संयुक्त कलेक्टर सुरेंद्र ठाकुर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

आंगनबाड़ी केंद्रों में पौधरोपण

कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा के निर्देश पर एकीकृत बाल विकास परियोजना छुईखदान अंतर्गत सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में जल शक्ति से नारी शक्ति अभियान अंतर्गत एक पेड़ मां के नाम से सभी केंद्रो में वृक्षारोपण किया गया। इस दौरान जल संरक्षण पर सभी को शपथ दिलाया गया तथा भविष्य में स्वच्छ जल की उपलब्धता बनी रहे इसके लिए जल संचयन का उपाय करने जागरूक किया गया। सक्षम आंगनबाड़ी केंद्रों में निर्मित पोषण वाटिका में फलदार वृक्ष और पौष्टिक सब्जियों के बीज का रोपण किया गया। परियोजना अधिकारी छुईखदान सुनील बंजारे के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में सभी सेक्टर सुपरवाइजर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, महिला स्व सहायता समूह के सदस्य, महतारी वंदन योजना के हितग्राही सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि शामिल हुए।

कैंसर एवं अन्य बीमारियों के संबंध में दी गई जानकारी

राजनांदगांव। भारत रत्न स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय के पैथालॉजी विभाग द्वारा एक दिवसीय राष्ट्रीय स्तरीय सीएमई थाइराइड से होने वाले कैंसर एवं अन्य बीमारियों के संबंध में कार्यक्रम का आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुम्बई के डॉ. असितावा मंडल, तिरूनेलवेली के डॉ. के. स्वामीनाथन, सुरत के डॉ. मनोज कहार, एम्स रायपुर के डॉ. एन हुसैन, एम्स कल्याणी के डॉ. एसके मंडल, सीसीएम कचान्दुर (दुर्ग) के डॉ. जयंती चंद्राकर, रायपुर के डॉ. एफएम पटेल, अधिष्ठाता डॉ. रेणुका गहिने एवं प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष डॉ. प्रतिमा कुजूर द्वारा कैंसर एवं अन्य बीमारियों के संबंध में जानकारी दी गई। इस अवसर पर डॉ. चंद्रशेखर इंदौरिया, डॉ. रूबी साहू, डॉ. निकिता पारख, डॉ. जलज गौतम, डॉ. ज्योति चौधरी, डॉ. रिंकू सिंह, डॉ. विवेक राठिया सहित विभाग के अन्य कर्मचारी रामनरेश पंचकपट आदि उपस्थित थे।

भाजपा सरकार की कथनी करनी में अंतर

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

गरीब, किसान, युवा वर्ग के साथ अन्याय को लेकर कांग्रेस नेताओं ने प्रदेश की भाजपा सरकार को आड़े हाथों लिया। भाजपा सरकार पर किसान, गरीब, व्यापारियों, युवाओं के साथ पर्यावरण विरोधी नीति अपनाने का आरोप लगाते हुए विधायक यशेदा वर्मा, जिलाध्यक्ष गजेंद्र ठाकरे, जिला युंकाध्यक्ष गुलशन तिवारी, जिंप सभापति विप्लव साहू, नीलांबर वर्मा, नपा उपाध्यक्ष रज्जाक खान, दीपक देवांगन, पूरन सारथी, भरत चंद्राकर, रविंद्र सिंह गुड्डा, नदीम मेमन, सुमित जैन, सुमीत टांडिया, छुईखदान ब्लाक अध्यक्ष रामकुमार वर्मा,सूर्यकांत यादव, नित्यशरण सिंह, राजा सोलंकी सहित अन्य कांग्रेस नेताओं ने कहा कि छुईखदान ब्लाक के विचारपुर, पंडरिया, बुंदेली के बीच नए सीमेंट प्लांट खुलने से खेती किसानी चौपट होने की आशंका से किसानों के विरोध प्रदर्शन के बाद भी उनकी मर्जी को दरकिनार कर प्लांट खोलने की तैयारी की जा रही है। जमीन दलाल किसानों को बहकाकर जमीन खरीद रहे है। मामले में वस्तुस्थिति को सार्वजनिक करने युंका व एनएसयूआई इन गॉवों में जाकर हस्ताक्षर अभियान चलाएगी और यह पता करेगी कि प्लांट खोलने के पक्ष में कितने लोग है ताकि यह पता चले कि विष्णुदेव साय सरकार उनसे किस हद तक जाकर छल करने में आमदा है।

विधायक यशोदा सहित कांग्रेसियों ने लगाया आरोप

नेताओं और अधिकारियों के संरक्षण में हो रहा अवैध काम

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि पर्यावरण की रोकथाम के लिए लाल ईंटों के निर्माण पर प्रतिबंध होने के बावजूद जिले में नदी किनारे की रेत मिली मिट्टियों का मनमाफिक तरीके से निकाला जा रहा है जिसके कारण नदियों का कटाव हो रहा है। ईंट पकाने जंगल से हरे भरे पेड़ों को काटा जा रहा है और राजस्व, खनिज व वन विभाग मूक दर्शक बना हुआ है। एक पेड़ मॉ के नाम अभियान चलाने वाली भाजपा का दुहरा चरित्र इससे प्रदर्शित हो रहा है। रेत, गिट्टी, के अवैध परिवहन और खनन को लेकर साक्ष्य सहित शिकायत करने के बाद भी विभाग बड़े कारोबारियों को दरनकिनार कर छोटों को पकड़कर खानापूर्ति कर रहा है। विभागीय अधिकारी कारवाई करने से बचने नित नए नए हथकंडे अपना रहे है जिसके कारण शासन को लाखों रूपयों की रायल्टी नुकसानी हो रही है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि बार-बार ज्ञापन, आवेदन और शिकायत के बाद भी कारवाई नही हो रही है जिसके चलते कांग्रेस आम लोगों के हित को लेकर सड़क पर उतरेगी और चक्का जाम कर विरोध दर्ज कराएगी।

भूपेश राज में जहां खुला स्कूल वहां शराब दुकान का प्रपोजल बना रही सरकार

जालबांधा में बच्चों को बेहतर शिक्षा देने भूपेश बघेल की कांग्रेस सरकार ने आत्मानंद उत्कृष्ट शाला और कालेज खोला। बाजार अतरिया मे नए कालेज का शुभारंभ हुआ वही वनांचल के पैलीमेटा मे हायर सेकंडरी स्कूल की सौगात दी लेकिन विष्णुदेव साय की भाजपा सरकार इन जगहो पर शराब दुकान खोलने की तैयारी कर रही है। उदयपुर की सैकड़ो महिलाओं ने आवेदन देकर आबकारी विभाग से सवाल किया और जवाब मांगा कि क्या जालबांधा, बाजार अतरिया, कुकुरमुड़ा, ठेलकाडीह, गातापार जंगल और पैलीमेटा में विभाग शराब दुकान खोलने की तैयारी कर रही जिसका जवाब नही दिया जा रहा है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि उन्हे जानकारी मिली है कि महतारी वंदन का पैसा वापस लेने साय सरकार प्रदेश के गॉव-गॉव मे 279 शराब दुकान खोलने जा रही है।

संपर्क डिवाईस के माध्यम से अध्ययन का शुभारंभ

राजनांदगांव। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह बुधवार को शासकीय प्राथमिक शाला बरगा स्कूल के बच्चों एवं आंगनबाड़ी केन्द्र के बच्चों से मिलकर मुग्ध हुए। विस अध्यक्ष ने बच्चों को गोदी में लेकर दुलार किया तथा उनके अभिभावकों को बच्चों को पौष्टिक आहार देने की समझाईस दी। उन्होंने जिले में संचालित पोटू लईका पहल के संबंध में जानकारी ली तथा सुपोषित बच्चों की माताओं को शाल-श्रीफल देकर सम्मानित किया। डॉ. सिंह ने बच्चों को दिए जा रहे आहार के संबंध में माताओं से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि बच्चों को वजन बढ़ाने जागरूकता के साथ कार्य करें तथा गुणवत्तापूर्ण पौष्टिक भोजन दें। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने गंभीर कुपोषित बच्चों के लिए जिले में संचालित पोटू लईका पहल के संबंध में जानकारी दी। विस अध्यक्ष ने राष्ट्रीय स्तर पर जिले को एक युद्ध नशे के विरूद्ध अभियान अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने सभी को शुभकामनाएं दी। विस अध्यक्ष डॉ. सिंह ने प्राथमिक शाला बरगा में संपर्क डिवाईस के माध्यम से अध्ययन का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि स्मार्ट टीवी के माध्यम से संपर्क डिवाईस में निहित कविताओं एवं अन्य अध्ययन सामग्री से बच्चे शीघ्रता से सीखते हैं। विस अध्यक्ष ने बच्चों के साथ मिलकर भारत माता की जय, वंदे मातरम का उद्घोष किया और उन्हें अच्छे से पढ़ाई करने प्रेरित किया। इस अवसर पर जिपं अध्यक्ष गीता घासी साहू, सचिन बघेल, रमेश पटेल, संतोष अग्रवाल, सूर्यकांत भंडारी, प्रतीक्षा भंडारी, पुष्पा गायकवाड़, कुमार सोनवानी, लीलाधर साहू, रोहित चंद्राकर, अन्य जनप्रतिनिधि, वनमंडलाधिकारी आयुष जैन, जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह, संयुक्त कलेक्टर खेमलाल वर्मा सहित जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल, कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास गुरप्रीत कौर, जिला मिशन समन्वयक सतीश ब्यौहारे, अन्य अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

सांसद ने बालिका शिक्षा और नारी शक्ति का आह्वान किया

जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव, सांसद, विधायक सहित अन्य ने बच्चों के साथ किया न्योता भोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट शासकीय कन्या उमा शाला मे सांसद संतोष पांडेय के मुख्य आतिथ्य में जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन हुआ। कार्यक्रम अध्यक्ष विधायक यशोदा नीलाम्बर वर्मा रही जबकि विशिष्ट अतिथियो के रूप में विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, जिंप उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, जिलाधीश चंद्रकांत वर्मा, पूर्व संसदीय सचिव कोमल जंघेल, जिपं सभापति घम्मन साहू, सांसद प्रतिनिधि भागवत शरण सिंह, खम्मन ताम्रकार, विनय देवांगन, राकेश गुप्ता, चंद्रशेखर यादव, एसएमडीसी अध्यक्ष आलोक श्रीवास, शशांक ताम्रकार, कमलेश कोठले और भाजयुमो जिलाध्यक्ष आयश सिंह बोनी की उपस्थिति रही।

पारंपरिक राउत-गेड़ी नृत्य व लोक वाद्यों की मांगलिक ध्वनि बीच अतिथियों ने भारत माता व माता सरस्वती की पूजा अर्चना की। राजकीय गीत अरपा पैरी के धार साथ कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि सांसद संतोष पांडेय ने अपने चिरपरिचित अंदाज में वीर रस की कविता से बालिका शिक्षा और नारी शक्ति का आहवान किया। उन्होंने कहा कि मेरे पिता ने खैरागढ के विद्यालय में शिक्षा अध्ययन किया है वो एक शिक्षक पुत्र है। उन्होने सेजेस कन्या शाला के लिए अहाता की उॅचाई बढ़ाने, मध्यांह भोजन कक्ष व किचन शेड सहित शाला परिसर में झूला, फिसलपट्टी और गार्डन कुर्सी की स्वीकृति देते हुए कलेक्टर को एक सप्ताह मे व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा।

शिक्षकों सहित मेधावी बच्चों को किया सम्मानित

कार्यक्रम में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सेवानिवृत्त सहित राष्ट्रपति व राज्यपाल से पुरस्कृत शिक्षकों साहित्यकार डॉ. जीवन यदु, डॉ. पीसीलाल यादव, बिहारी राम यादव, विनयशरण सिंह, डॉ. साधना अग्रवाल, निगार अंजुम खान, रविन्द्र कर्महे, अनुराधा सिंह, रघुनाथ सिन्हा, कमलेश्वर सिंह, इंदिरा चंद्रवंशी का सम्मान किया गया वही अपने मार्गदर्शन में राष्ट्रीय स्तर पर दो विद्यार्थियों का चयन करने के लिए संजय श्रीवास्तव सम्मानित हुए। जिला स्तर पर दसवीं बारहवीं में सर्वोच्च अंक पाने वाले विद्यार्थियों सहित उत्कृष्ट खिलाड़ी के लिए कु. माधुरी साहू सेजेस कन्या शाला को सम्मानित किया गया। स्कूली बच्चों ने एक पेड़ मां के नाम के तहत अतिथियों को भेंटस्वरूप पौधा दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. विभाष पाठक, अखिलेश श्रीवास्तव ने किया।

जादुई पिटारे का हुआ प्रदर्शन

जिला शिक्षा अधिकारी लालजी द्विवेदी, सहायक संचालक डॉ रश्मि खरें व एपीसी आत्माराम साहू के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव मे कट्अहा नवागॉव प्राशा के प्रपा रामलाल साहू द्वारा तैयार नई शिक्षा नीति 2020 के तहत शिक्षण शास्त्र, शिक्षा को रोचक और मनोरंजक बनाने के लिए 3 से 8 साल के बच्चों के लिए जादुई पिटारा का टीएलएम प्रदर्शन किया गया जिसकी सभी अतिथियों ने सराहना करते हुए जादुई पिटारे को मनोरंजन के साथ शिक्षा बताया। गौरतलब है कि प्रपा रामलाल साहू लगातार शिक्षा क्षेत्र में नवाचार व उत्कृष्ट प्रदर्शन कर शाला का नाम प्रदेश सतर पर रोशन करने का प्रयास कर रहे है।

अभाव में भी नहीं होती शिक्षा प्रभावित

विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा ने कहा कि हक के लिए लड़ना होगा, आगे बढ़ना है तो पढ़ना होगा। विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने बालिकाओं को हर क्षेत्र में आगे बढ़ने प्रेरित करते हुए परस्पर स्पर्धा भावना विकसित करने कहा। जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बालिका शिक्षा पर विशेष जोर डाला। कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने कहा कि जिनकी उत्कृष्ट सोच होती है वे अभाव में भी अच्छा कर गुजरते है। जिला शिक्षा अधिकारी लालजी द्विवेदी ने स्वागत संबोधन बाद शिक्षा विभाग का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। इस दौरान समस्त अतिथियों द्वारा टीएलएम व इंसपायर एवार्ड में नेशनल लेबल पर चयनित विज्ञान माडल का अवलोकन किया गया वही निःशुल्क पाठ्य पुस्तक, गणवेश व सरस्वती सायकल का वितरण किया गया जिसके बाद सभी अतिथियो ने बच्चों के साथ पंगत मे बैठकर न्यौता भोजन किया।

मोहर्रम के अवसर पर आज शुष्क दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी संजय अग्रवाल ने 17 जुलाई को मोहर्रम के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित किया है। कलेक्टर ने जिले के सभी देशी मदिरा एवं विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों तथा रेस्टोरेंट बार, होटल, बार, क्लब, मद्य भंडारण-भांडागार को सम्पूर्ण दिवस बंद रखने के आदेश दिए हैं।

पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

गायत्री प्रा. आई.टी.आई
ITI ▸ RAJNANDGAON
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
गायत्री एजुकेशन कैम्पस, ग्राम पदुमतरा जिला - राजनांदगांव
81090-28740 • 89595-44444

सार समाचार

23 से निःशुल्क प्राकृतिक चिकित्सा शिविर

राजनांदगांव। पूज्य सिंधी पंचायत हेमू कालानी नगर द्वारा आगामी 23 से 27 जुलाई तक सिंधु भवन जीई रोड में समाज स्तर पर निःशुल्क प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें कंचन सेवा संस्थान उदयपुर के दक्ष चिकित्सकों द्वारा बिना ऑपरेशन के प्राकृतिक चिकित्सा द्वारा निःशुल्क इलाज किया जाएगा। पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष मन्नूमल मोटलानी, वरिष्ठ सलाहकार अर्जुनदास पंजवानी, आवतराम तेजवानी, घनश्यामदास गंगवानी व बक्साराम अंदानी ने संयुक्त रूप से बताया कि इस शिविर में लगातार 5 दिनों तक कमर दर्द, घुटने दर्द, हड्डियों में कमजोरी, नींद का कम आना, खड़े रहने में दर्द, कमर का झुक जाना, मनके में गैप होना, घुटने में सूजन होना, पानी भर जाना, पालथी मारकर नहीं बैठ पाना, चलते समय दर्द होना, हड्डियों का घिसना इत्यादि बीमारियों का प्राकृतिक चिकित्सा से उदयपुर के सुप्रसिद्ध चिकित्सक इलाज करेंगे। पूज्य पंचायत के महासचिव अमर लालवानी एवं मीडिया प्रभारी अर्जुन गंगवानी ने बताया कि शिविर में सुबह 9 से शाम 5 बजे तक चिकित्सकों द्वारा इलाज होगा। शिविर में महिला एवं पुरुषों की चिकित्सा की अलग-अलग व्यवस्था होगी। उन्होंने चिकित्सा के लिए सभी से आने वाले मरीज को ढीले कपड़े पहनकर आने एवं नैपकिन, तौलिया भी साथ में लाने का आह्वान किया। शिविर की तैयारी पूज्य पंचायत की व्यवस्था समिति द्वारा शुरू कर दी गई है।

शिवसेना ने मनाया स्थापना दिवस

राजनांदगांव। शिवसेना के प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार के आदेशानुसार राजनांदगांव जिलाध्यक्ष कमल सोनी की अगुवाई में जिले के शिवसैनिकों ने 14 जुलाई शिवसेना के 41वें स्थापना दिवस पर मंदिरों में महाआरती कर छत्तीसगढ़ की जनता की खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम के तहत राजनांदगांव के शिवसैनिकों ने शहर के मध्य स्थित सियाराम मंदिर में महाआरती कर प्रसाद वितरण किया और राजनांदगांव सहित प्रदेश की जनता की खुशहाली की कामना की। महाआरती में किसान सेना प्रदेश अध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव, शिवसेना जिला अध्यक्ष कमल सोनी, युवा सेना जिलाध्यक्ष विक्की सेन, डोंगरगढ़ विस अध्यक्ष सुमित बंजारे, राजनांदगांव विस अध्यक्ष माखन यादव, आयुष वर्मा, नीलकंठ यादव, संजय यादव, छोटू निषाद, गोपाल कृष्ण पटेल, अशोक सिन्हा, श्याम वैश्य, चिन्तानंद साहू, ठरवेतन साहू, मुकेश साहू, भेवज निषाद, ज्ञानचंद लोढा सहित बड़ी संख्या में शिवसैनिक उपस्थित रहे।

कंचनबाग कालोनी में पौधारोपण

राजनांदगांव। भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा अवसर पर सामाजिक संस्था मानस मानव नवनिर्माण संस्थान द्वारा कंचनबाग कालोनी में वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर संस्था के सदस्यों द्वारा कंचनबाग पानी टंकी के आसपास और अटल आवास क्षेत्र में 15 पौधे रोपित किए। जिनमें कदम्ब, नीम और मौलश्री के पौधे शामिल हैं। कंचनबाग और अटल आवास निवासियों ने भी पौधे लगाए। संस्थान के वरिष्ठ सदस्यों ने वृक्षारोपण के बाद रोपित पौधों के धार्मिक और पर्यावरणीय महत्व की जानकारी दी और उन्हें सहेजने संकल्प लिया है। मानस संस्थान द्वारा विगत 10 वर्षों में शहर और ग्रामीण क्षेत्र में न केवल 200 से अधिक पौधे लगाएए बल्कि उसकी देखभाल वृक्ष के बड़े स्वरूप तक करती है। इस अवसर पर डॉ. सुरेश पटेल, डॉ.बसंत सोनबर, आलोक जोशी, किरण दुबे, आरती सोनबेर, श्रीमती चौरसिया, लोकेश सवानी उपस्थित थे। उक्त जानकारी संस्था के सचिव उमाशंकर शर्मा ने दी।

सुबह 6 बजे से कांवड़ यात्रा होगी प्रारंभ

राजनांदगांव। संस्कारधानी में पवित्र सावन माह को पूर्ण भक्तिभाव के साथ मनाने की तैयारी श्री बागेश्वर धाम उत्सव भवन में शिवभक्तों व शिवसेवकों द्वारा की जा रही है। उक्त जानकारी देते श्री बागेश्वर धाम मंदिर सेवक पंकज गुप्ता, डॉ. मिथिलेश शर्मा, विजय गुप्ता, भावेश अग्रवाल व सूरज गुप्ता ने बताया कि प्रति सावन सोमवार जो क्रमशः 22 व 29 जुलाई, 5, 12 व 19 अगस्त को है। उसमें मोहारा में शिवनाथ नदी तट स्थित शिव मंदिर से सुबह 6 बजे से कांवड़ यात्रा प्रारंभ होगी। जिसके लिए नगर के शिवभक्तों से सुबह 5 से 5.30 बजे तक श्री बागेश्वर धाम मंदिर पहुंचने का आग्रह है। वहां से बस द्वारा शिवनाथ नदी जाकर संगीतमय शिवभजनों (डीजे) के साथ कांवड़ यात्रा नगर में प्रति सोमवार विभिन्न मार्गों से निकलकर श्री बागेश्वर मंदिर पहुंचेगी, जहां पर शिवभक्तगणों द्वारा कांवड़ में पवित्र गंगा, यमुना, कावेरी, वैष्णोदेवी व अयोध्या की पवित्र सरयू नदी का मिश्रित जल भगवान बागेश्वर महादेव शिव परिवार में अर्पित किया जाएगा। सावन माह के प्रति रविवार क्रमशः 21 व 28 जुलाई एवं 4, 11 व 18 अगस्त को नगर की प्रसिद्ध प्राचीन सिद्धपीठ मां काली माई मंदिर भरकापारा से शिव प्रभातफेरी सुबह 5.30 बजे मंदिर परिसर पहुंचकर 6 बजे निकाली जाएगी, जो नगर के प्रमुख मंदिरों का दर्शन करते वापस मां काली मंदिर पहुंचेगी। जिसमें भक्तों द्वारा भजन-कीर्तन करते नगर भ्रमण किया जाएगा। उक्त भक्तिमय आयोजन के लिए सेवा प्रभारियों की नियुक्ति की गई है, जो आयोजन की व्यवस्था में सेवा सहयोग प्रदान करेंगे।

बारिश के चलते सड़कों पर जल भराव की स्थिति

शहर की सफाई व्यवस्था चौपट डेंगू व मलेरिया का खतरा बढ़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर में चौपट सफाई व्यवस्था के चलते मच्छरों का प्रकोप बढ़ने लगा है और डेंगू-मलेरिया जैसे रोगों के फैलने की आशंक बनी हुई है।

शहर के कई क्षेत्रों में बारिश के चलते गढ्ढों में जल भराव की स्थिति है। वहीं सफाई व्यवस्था चौपट होने के चलते ठेके पर चल रहे वार्डों में जगह-जगह कचरे का ढेर है। वहीं गंदगी फैली हुई है। जिसकी वजह से मच्छर पनप रहे हैं। बारिश के मौसम के बीच बीमारियों का खतरा भी बढ़ने लगा है। शहर की सफाई व्यवस्था पर ध्यान नहीं दिए जाने और पानी निकासी की व्यवस्था नहीं होने के चलते शहर के कुछ वार्डों में जल जमाव हो रहा है। जिससे शहर में डेंगू-मलेरिया फैलने की आशंका बनी हुई है।

पखवाड़ेभर से नियमित सफाई नहीं

सफाई ठेका निरस्त होने की वजह से पखवाड़ेभर से ठेके वाले वार्डों की सफाई व्यवस्था ठप है। वहीं 200 सफाई कर्मचारियों को कार्य पर नहीं रखने से भी सफाई व्यवस्था चौपट नजर आ रही है।

आम मच्छरों से अलग

डेंगू का मच्छर आम मच्छरों से अलग होता है और यह दिन की रोशनी में काटता है। ऐसे में घर और आसपास मच्छरों को पनपने की बड़ी संभावना होती है। डेंगू का लार्वा पनपने का खतरा कूलर में भरे पानी में अधिक होता है।

डेंगू के लक्षण

डेंगू में सिर में दर्द, तेज बुखार, मांसपेशियों एवं जोड़ों में दर्द जैसी लक्षण होते है और त्वचा पर चकते भी निकल आते हैं। डेंगू मादा एडीज मच्छर के काटने से होता है।

दवाईयों का छिड़काव नहीं

बारिश के दिनों में संक्रमण फैलने का खतरा काफी बढ़ जाता है। वहीं जल भराव की स्थिति वाले क्षेत्रों में भी दवाईयों का छिड़काव नहीं किया जा रहा है। जिससे मच्छर तेजी से पनप रहे हैं। जिसकी वजह से डेंगू, मलेरिया का खतरा बढ़ा हुआ है।

स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

इस बीच शहर में डेंगू एवं मलेरिया से बचाव के संबंध में स्वास्थ्य विभाग द्वारा आवश्यक सलाह दी गई है। डेंगू से बचने के लिए साफ-सफाई रखने तथा पानी जमा नहीं होने देने की सलाह दी गई है। घर की छत पर रखे गमलों या अन्य चीजों में पानी जमा हो तो उसे तुरंत खाली करना चाहिए, क्योंकि इसमें डेंगू लार्वा पैदा हो सकते हैं।

स्वास्थ्य केन्द्रों में पौधारोपण

राजनांदगांव। कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में वृहद पैमाने पर पौधरोपण किया जा रहा है। इसके अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य केन्द्रों में विभिन्न प्रकार के फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया जा रहा है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरत्न ने बताया कि पौधरोपण से स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचने वाले मरीजों एवं उनके परिजनों को एक अच्छा वातावरण मिल पाएगा तथा गर्मी के दिनों में छाया भी मिलेगी। स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा विगत दिवस वृहद पैमाने पर स्वास्थ्य केन्द्रों के आसपास फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण कर उनकी संपूर्ण सुरक्षा की जिम्मेदारी ली गई है। जिले के विभिन्न सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर में लगभग 1291 फलदार एवं छायादार पौधे लगाए गए हैं। विभिन्न स्थानों का चिन्हांकन कर विभिन्न प्रकार के पौधों का रोपण आगे भी किया जाएगा।

ई-रिक्शा में छूटा सामान यात्री को सुरक्षित दिलाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

महिला यात्री का सामान ई-रिक्शा में छूट गया था। जिसकी सूचना मिलने पर यातयात पुलिस ने महिला का सामान खोजकर सुरक्षित वापस लौटाया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 14 जुलाई को बालौदाबाजार निवासी महिला का ई-रिक्शा में सामान छूट जाने से प्रार्थिया द्वारा यातायात शाखा आकर बताने पर नया बस स्टैंड चौक में लगे सीसीटीवी कैमरा फुटेज चेक कर ई-रिक्शा में लगे यूनिक नंबर 942 के माध्यम से ई-रिक्शा चालक से संपर्क कर छूटे सामान को यातायात शाखा में वापस दिलाया गया।

यूनिक नंबर देखकर ही यात्रा करें

यातायात पुलिस ने अपील की है कि जिस टेम्पो, आटो, ई-रिक्शा वाहन में यात्रा कर रहे हैं, उसका यूनिक नंबर क्या है एवं यूनिक नंबर देखकर ही टेम्पो, आटो एवं ई-रिक्शा में यात्रा करें। साथ ही सभी टेम्पो, आटो एवं ई-रिक्शा चालक सवारी बिठाने के पहले यात्रियों को अपने यूनिक नंबर से अवगत कराने के पश्चात ही सवारी बिठाये। यात्रियों द्वारा अपना कीमती सामान वाहन में भूलने पर यूनिक नंबर के माध्यम से उस वाहन का सम्पूर्ण जानकारी यातायात कार्यालय से ली जा सकती है।

विधायक ने ली समीक्षा बैठक

राजनांदगांव। खुज्जी विधायक भोलाराम साहू की

उपस्थिति में 15 जुलाई को नगर पंचायत अं. चौकी में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मानसून सत्र में 22 जुलाई से विधानसभा सत्र की शुरूआत को देखते नगर पंचायत के कार्यों, साफ-सफाई, पानी, बिजली कर्मचारियों की समस्या के समाधान के निदान के लिए विधानसभा पटल में रखेंगे। विधायक भोलाराम साहू ने समस्याओं और कार्यों को सुना एवं जनभावनाओं के रूप नगर में व्याप्त सड़क, पानी सहित अन्य समस्याओं से अवगत हुए। जनसमूह को संबोधित करते विधायक ने कहा कि विकास मेरी पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि जनता की सेवा मेरी पहली प्राथमिकता है। क्षेत्र का विकास मेरा लक्ष्य इसके लिए मैं हमेशा आपके दुख-दर्द को दूर करने सदैव रहूंगा। क्षेत्र की छोटा से छोटा और बड़ी से बड़ी समस्या के समाधान के लिए सदैव तत्पर रहूंगा। बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष विद्या ताम्रकार, उपाध्यक्ष रितेश मेश्राम, पार्षद साधना सिंह, अधिकारी-कर्मचारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

डायवर्सन पर लगे रोक हटाने के लिए सांसद से की मुलाकात

राजनांदगांव। भारत माला सड़क परियोजना के अंतर्गत राजनांदगांव विधानसभा के प्रभावित गांव भूमि अधिग्रहण अंतर्गत आ रहे 17 गांव पर खरीदी, बिक्री, डायवर्सन पर पिछले डेढ़ साल से लगे रोक को हटाने के लिए ग्रामीण किसानों के साथ राजनांदगांव निज निवास में सांसद संतोष पाण्डेय से मुलाकात कर समस्या रखें। सांसद संतोष पांडेय ने किसानों के सामने एनएच के उच्च अधिकारियों से बात की। अधिकारियों ने जिला प्रशासन से बात कर एक सप्ताह के अंदर खरीदी-बिक्री पर लगे रोक को हटाने का आश्वासन दिया। जिसमें मुख्य तौर पर मौजूद रहे मंडल अध्यक्ष रोहित चंद्राकर, मंडल महामंत्री कृष्णा तिवारी सहित प्रभावित ग्रामीणजन शामिल रहे।

क्रिकेट खिलाड़ियों को वीडियो और योगाभ्यास के माध्यम से प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा मंगलवार को म्युनिसिपल स्कूल मैदान स्थित गांधी सभागृह हाल में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे क्रिकेट खिलाड़ी एवं प्रशिक्षकों का एक वीडियो ट्रेनिंग प्रोग्राम एवं योगाभ्यास सेमीनार का आयोजन किया गया। लगभग 100 से ज्यादा खिलाड़ी एवं प्रशिक्षकों ने योग टीचर राजेंद्र वर्मा द्वारा कराए गए योगाभ्यास को अच्छे ढंग से किया।

श्री वर्मा ने बताया कि किस तरह योगासनों द्वारा शरीर को लचीला बनाया जा सकता है। वहीं खिलाड़ी अपनी एकाग्रता को और बढ़ा सकते हैं। श्री वर्मा ने खिलाड़ियों से अनुरोध किया कि सामान्य जिंदगी में इन योगासनों को अपने दैनिक अभ्यास का हिस्सा अवश्य बनाएं।

योगाभ्यास पश्चात पौष्टिक स्वल्पाहार लेने के बाद प्रसिद्ध कोच शांतनु घोष द्वारा खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों को वीडियो ट्रेनिंग द्वारा

प्रशिक्षण दिया गया। खिलाड़ियों को मानसिक तौर पर मजबूत बनाने एवं अपने करियर को कैसे सफल बनाएं, उसके बारे में उन्होंने काफी विस्तार से अपने अनुभव खिलाड़ियों से शेयर किया। क्रिकेट के लेटेस्ट नियमों एवं शिक्षाप्रद वीडियो का प्रदर्शन कर श्री घोष ने खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों को 2 घंटे बांधे रखा। दोनों ही ट्रेनिंग प्रोग्राम पश्चात खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों ने इस आयोजन को काफी लाभप्रद बताया। सेमीनार में राजेंद्र वर्मा योग टीचर एवं शांतनु घोष कोच का जिला क्रिकेट एसोसिएशन ने सम्मान कर उन्हें प्रतीक चिन्ह भेंट किया। सेमीनार में एसोसिएशन के सचिव योगेश बागड़ी, कोषाध्यक्ष दिनेश जैन, उपाध्यक्ष अजय पांडे, अजय तिवारी, विनोद चौरडिया, सीएम मोरवी, रोहित पारख, ऋषभ बाफना, सोनू जससल, ईश्वर सिन्हा, मनोज तिवारी, संतोष यादव, हिमांशु यादव एवं नीरज यादव सहित जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

पढ़ाई प्रभावितः स्कूल में सिर्फ तीन ही शिक्षक, कमी दूर करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

जिला मुख्यालय मोहला से 25 किलोमीटर दूर उप तहसील वासड़ी के शासकीय हाईस्कूल में शिक्षक की कमी को लेकर ग्रामीणों ने मोहला में विधायक से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपते चर्चा किया तथा अतिशीघ्र शिक्षक की गुहार लगाई। ज्ञात हो कि वासड़ी में हाईस्कूल संचालित है, जहां 9वीं एवं 10वीं की कक्षाएं चलती है, परंतु प्रभारी प्राचार्य के अलावा केवल 3 ही शिक्षक कार्यरत हैं।

वासड़ी के पालकों एवं ग्रामीणों ने लगातार ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मोहला, जिला शिक्षा अधिकारी तथा जिला कार्यालय जनदर्शन के माध्यम से कलेक्टर से भी मुलाकात करते लिखित आवेदन देकर दर्ज संख्या, साथ ही विषयवार शिक्षक की मांग की गई थी, किन्तु अब तक पालकों तथा ग्रामीणों की मांग पर कोई सुनवाई नहीं हुई है। बार-बार ग्रामवासियों ने आवेदन-निवेदन करने के बाद आखिर में मोहला-मानपुर विधायक इंद्रशाह मंडावी के पास पहुंचकर स्कूल की दशा के बारे में बताया तथा शिक्षक की व्यवस्था नहीं होने की स्थिति में चक्काजाम करने की बात कही है। ग्रामीण हीरू विश्वकर्मा ने बताया की हाईस्कूल में प्राचार्य के अलावा केवल तीन शिक्षक ही कार्यरत हैं। जिसमें केवल एक शिक्षक सुभाषचंद्र मरावी ही शाला में पदस्थ शिक्षक हैं तथा पृथ्वीलाल चंद्रवंशी विगत तीन वर्षों से लकवाग्रस्त हैं, जो अध्यापन कार्य करने में असमर्थ है। साथ ही आशीष साहू को व्यवस्था के रूप में पदस्थ किया गया है। स्कूल में क्लर्क तथा चपरासी का भी पद रिक्त है। जिससे शिक्षकों को ही बाबू तथा चपरासी का कार्य करना पड़ता है। जिससे कम शिक्षक में अधिक कार्य बढ़ जाने से बच्चों का भविष्य बंटाधार हो रहा है।

शिक्षक की नियुक्ति शीघ्र होनी चाहिए

वासड़ी की सरपंच रेशमा उईके ने वासड़ी में संचालित कक्षाओं तथा विषयों के आधार पर अतिशीघ्र विषयवार शिक्षकों की नियुक्ति की मांग की है। वासड़ी हाईस्कूल में कार्य करने वाले केवल दो शिक्षक हैं। जिससे अध्यापन व्यवस्था पूरी तरह से बेपटरी हो गई है। जिसके कारण पालकों में भारी गुस्सा है। सरपंच ने चेतावनी दी है कि अगर शीघ्र ही शिक्षकों की भर्ती नहीं किया गया तो फिर ग्रामीणों द्वारा आंदोलन किया जाएगा।

विधायक ने कलेक्टर से की चर्चा

इस पूरे मामले पर इंद्रशाह मंडावी ने कहा कि जिलेभर में शिक्षकों की कमी को लेकर पालकों में नाराजगी है। हमने पूर्व के कांग्रेस शासनकाल में नियमित शिक्षकों की भर्ती किया था। साथ ही एकल शिक्षकीय शालाओं में ट्यूटरों के माध्यम से शिक्षा व्यवस्था को सुचारू रूप से चला रहे थे। जबकि सत्ता बदलने के बाद भाजपा शासन की कार्यप्रणाली समझ से परे है, जो शिक्षा जैसे जरूरी विभाग का भी सही संचालन नहीं कर पा रही है। उन्होंने कहा कि वासड़ी के मामले पर कलेक्टर से विस्तृत चर्चा हुई है। ट्विटर के माध्यम से प्रशासनिक तौर पर शिक्षक की व्यवस्था करने कहा गया है।

14 बच्चे ले लिए हैं टीसी

हाईस्कूल में कक्षा 9वीं में 35 तथा 10वीं में 41 कुल 76 बच्चे अध्ययनरत हैं। जबकि शिक्षक के अभाव में 14 छात्र-छात्राएं वर्तमान सत्र में टीसी ले चुके हैं। यहां संस्कृत, हिंदी, विज्ञान तथा सामाजिक विज्ञान के शिक्षक नहीं हैं। जबकि गणित शिक्षक आशीष साहू को व्यवस्था के रूप में ही लाया गया है। पूर्व में पदस्थ संस्कृत शिक्षक विजयलाल लहरे जो प्रभारी प्राचार्य हुआ करते थे, उनके शासकीय कार्यों में अनियमितता के कारण उन्हें अन्यत्र अटैच कर दिया गया है। संस्था प्राचार्य भी व्यवस्था के रूप में प्रभार में हैं। स्कूल में विषय विशेषज्ञ की कमी से पढ़ाई बुरी तरह से प्रभावित हो रही है।

20 से दो दिवसीय गुरुपूर्णिमा महोत्सव

- दो दिनों तक होगा गुरू की महिमा का गुणगान व हनुमान चालीसा पाठ

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बर्फानी सेवाश्रम समिति द्वारा संत श्रीश्री 1011 योगाधिराज ब्रम्हर्षि बर्फानी दादा की प्रेरणा व आशीर्वाद से बर्फानी धाम में दो दिवसीय गुरुपूर्णिमा महोत्सव का आयोजन आगामी 20 जुलाई से आयोजित है। जिसमें बड़ी संख्या में गुरू परिवार के सदस्य व श्रद्धालु भक्तजन पहुंचेंगे।

संस्था के सचिव गणेश प्रसाद शर्मा 'गन्नू' ने बताया कि गर्भगृह में विराजमान काली स्वरूपनी मां पाताल भैरवी राज राजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी दस महाविद्या द्वादश ज्योर्तिलिंग शिवशक्ति सिद्धपीठ की स्थापना गुरुदेव श्री बर्फानी दादा के मार्गदर्शन व आशीर्वाद से की गई थी। जिसमें तीन लोकों में मां पाताल भैरवी, मां राज राजेश्वरी, त्रिपुर सुंदरी, दस महाविद्या, आदिदेव महादेव के साथ ही द्वादश

ज्योर्तिलिंग की स्थापना की गई थी। इसके अलावा अंचल में सबसे बड़े विशाल स्फटिक एवं पारद शिवलिंग को विराजित किया गया है। संस्था द्वारा परमपूज्य गुरुदेव श्रीश्री 1011 योगाधिराज ब्रम्हर्षि बर्फानी दादा के चरण पूजन व गुरुपूर्णिमा महोत्सव के तहत आषाढ़ शुक्ल पक्ष चौदस 20 जुलाई को संध्या 4 बजे से महिला मंडलियों द्वारा संगीतमय सुंदरकांड व हनुमान चालीसा पाठ के साथ ही लोक कलाकारों द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। वहीं 21 जुलाई आषाढ़ शुक्ल पक्ष गुरु पूर्णिमा के अवसर पर सुबह 8 बजे से श्री गुरुदेव की पालकी व शोभायात्रा आश्रम परिसर में भ्रमण करने के पश्चात श्री बर्फानी दादा का गुरु परिवार के सदस्यों व भक्तों के द्वारा पंचामृत, गंगाजल, दुग्धाभिषेक व शुद्ध जल से अभिषेक कर श्रृंगार आदि कर पूजन व महाआरती उतारी जाएगी। सुबह 10 संगीतमय भजन व हनुमान चालीसा के पाठ के साथ ही गुरुमहिमा का गुणगान किया जाएगा।

संस्था द्वारा इस दो दिवसीय आयोजन की तैयारियों को लेकर समिति के सदस्यों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। तैयारियों को अंतिम रूप देने में संस्था के अध्यक्ष राजेश मारु, उपाध्यक्ष दीपक जोशी, सचिव गणेश प्रसाद शर्मा, कोषाध्यक्ष नीलम जैन, महंत गोविंद दास, गुरुचरण सिंह छाबड़ा, महेन्द्र लुनिया, आलोक जोशी, सूरज जोशी, कुलबीर छाबड़ा, आलोक बिंदल, योगेन्द्र पांडे, कमलेश सिमनकर, संतोष खंडेलवाल, दामोदर अग्रवाल, लीलाधर सिंह, बलविंदर सिंह भाटिया, मनीष परमार, संजय खंडेलवाल एवं अन्य सदस्यों का सहयोग प्रदान कर रहे हैं।

शाला प्रवेश उत्सव आज

मोहला। मोहला-मानपुर-अं. चौकी में जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव कल 18 जुलाई को शासकीय हाईस्कूल गोटाटोला में मनाया जाएगा। निर्धारित कार्यक्रम अनुसार दोपहर 12 बजे शाला प्रवेश उत्सव मनाया जाएगा। जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद संतोष पाण्डेय व अध्यक्षता गोटाटोला सरपंच शांताबाई कलामे करेंगी। कार्यक्रम में अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में मोहला-मानपुर विधायक इंद्रशाह मंडावी उपस्थित रहेंगे।

20 को नवनिर्मित धर्मशाला भवन का उद्घाटन

राजनांदगांव। सुकुलदैहान स्थित ग्राम पेंडरी में छत्तीसगढ़ शासन के धार्मिक व्यास, धर्मस्व एवं छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के विभाग द्वारा ऐतिहासिक सदगुरु कबीर मंदिर/आश्रम परिसर के पास क्रमशः लागत राशि 5-5 लाख रुपए की सर्व सुविधायुक्त नवनिर्मित धर्मशाला भवन का निर्माण कार्य किया गया है। जिसके कार्य एजेंसी कार्य पालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी विभाग अभिकरण राजनांदगांव के माध्यम से कराया गया है। आगामी 20 जुलाई को गुरुपूर्णिमा के दिन सुबह से दीप प्रज्ज्वलित कर गुरु महिमा पाठ, कर सत्संग भजन कीर्तन किया जाएगा। दोपहर 4 बजे नवनिर्मित धर्मशाला भवन का उद्घाटन किया जाएगा। इस अवसर पर परम पूज्य महात्मा लेखचंद साहेब एवं अनेक संत महापुरुषों की उपस्थिति रहेगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद संतोष पांडे व अध्यक्षता डोंगरगांव विधायक दलेशवर साहू करेंगे। विशिष्ट अतिथि पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, जिला

पंचायत सदस्य महेंद्र यादव, डोंगरगढ़ जनपद सदस्य अनिता रामखिलावन साहू, साहू संघ डोंगरगढ़ तहसील अध्यक्ष हंसराज साहू, समाजसेवी गुलाब वर्मा समेत अनिता तामेश्वर वर्मा, प्यारादास साहू, नेतराम साहू, सेवादास साहेब, फलेश कुमार साहू, मदनमोहन साहू, भागवत सिन्हा, होमदत वर्मा, सुरेंद्र साहू समेत अन्य की उपस्थिति रहेगी। उक्त जानकारी योगदास साहू ने दी है।

36 वर्षों से शिवभक्त मां नर्मदा के उद्गम स्थल अमरकंटक से धर्मनगरी कवर्धा तक कर रहे कांवर पदयात्रा

21 जुलाई से शहर व अंचल में गुंजेगा बोल बम का जयघोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

सावन माह आगामी 21 जुलाई से प्रारंभ हो रहा है, इस माह में कबीरधाम जिले की एक महत्वपूर्ण आध्यात्मिक क्रिया-कलाप अमरकंटक कांवरी यात्रा विगत 35 वर्षों से चल रही है यह 36वां वर्ष है। सावन महीना आते ही चहुं ओर बोल बम के नारे गूंजने लगते हैं, हर तरफ भगवा वस्त्र पहने हुए शिवभक्तों की टोलियां नाचती-गाती नजर आती हैं।

श्रावण मास में भगवान भोलेनाथ का सबसे प्रिय माह माना जाता है, चातुर्मास भी इसी समय होता है जब शिव ही कर्ता-धर्ता होते हैं क्योंकि श्रीहरि विष्णु योगनिद्रा में होते हैं। सनातन संस्कृति का एक सुंदर और मोहक दृश्य श्रावण माह में दिखाई पड़ते है, जिसे हम कांवरी यात्रा के नाम से जानते हैं। मान्यताओं के अनुसार भगवान परशुराम ने सबसे पहले कांवड़ यात्रा की शुरुआत की थी। परशुराम गढ़ मुक्तेश्वर धाम से गंगाजल लेकर आए थे और यूपी के बागपत के पास स्थित पुरा महादेव का गंगाजल से अभिषेक किया था। उस समय सावन मास ही चल रहा था, इसी के बाद से कांवड़ यात्रा की शुरुआत हुई। आज भी इस परंपरा का पालन किया जा रहा है।

आनंद रामायण में इस बात का उल्लेख मिलता है कि भगवान राम पहले कांवड़िया थे। भगवान राम ने बिहार के सुल्तानगंज से गंगाजल भरकर देवघर स्थित बैद्यनाथ ज्योतिर्लिंग का अभिषेक किया था। उस समय सावन मास चल रहा था। एक मान्यता के अनुसार समुद्र मंथन के दौरान जब महादेव ने हलाहल विष का पानकर लिया था, तब विष के प्रभावों को दूर करने के लिए भगवान शिव पर पवित्र नदियों का जल चढ़ाया गया था। ताकि विष के प्रभाव को जल्दी से जल्दी कम किया जा सके। सभी देवता मिलकर गंगा से जल लेकर आए और भगवान शिव पर अर्पित कर दिया। उस समय सावन मास चल रहा था। मान्यता है कि तभी से कांवड़ यात्रा की शुरुआत हो गई थी। राष्ट्रपति पुरस्कृत सेवा निवृत्त व्याख्याता सदस्य जिला पुरातत्व समिति इतिहासकार आदित्य श्रीवास्तव ने बताया कि इस यात्रा को लेकर कुछ नियम भी हैं जो बेहद कठिन होते हैं, कांवड़ यात्रा के दौरान कांवड़िया अपनी कांवड़ को जमीन पर नहीं रख सकता है, इसके अलावा बिना नहाए हुए इसको छूना पूरी तरह से वर्जित है, कांवड़ यात्रा के दौरान कांवड़िया मांस, मदिरा या किसी प्रकार का तामसिक भोजन को ग्रहण करना पूर्णतः वर्जित माना गया है, इसके अलावा कांवड़ को किसी पेड़ के नीचे भी नहीं रख सकते हैं।

शास्त्रों के अनुसार कांवड़ यात्रा के तीन प्रकार बताए गए हैं, पहली सामान्य कांवड़ यात्रा इसमें कांवड़िया अपनी जरूरत के हिसाब से और थकान के मुताबिक जगह-जगह रुककर आराम करते हुए इस यात्रा को पूरा कर सकता है। दूसरी है डाक कांवड़इस यात्रा में कांवड़िया जब तक भगवान शिव का जलाभिषेक नहीं कर लेता है तब तक लगातार चलते रहना होता है, इस यात्रा में कांवड़िया आराम नहीं कर सकता है। वहीं तीसरी होती है दांडी कांवड़ इस कांवड़ यात्रा में कांवड़िया गंगा के किनारे से लेकर जहां पर भी उसे भगवान शिव का जलाभिषेक करना है वहां तक दंड करते हुए यात्रा करनी होती है, इस यात्रा में कांवड़ियों को एक महीने से भी ज्यादा का समय लग सकता है।

कांवड यात्रा की सार्थकता तभी है जब आप जल बचाकर और नदियों के पानी का उपयोग कर अपने खेत-खलिहानों की सिंचाई करें और अपने निवास स्थान पर पशु-पक्षियों और पर्यावरण को पानी उपलब्ध कराएं तो प्रकृति की तरह उदार शिव सहज ही प्रसन्न होंगे।

इतिहास धर्म नगरी कवर्धा में कांवरी यात्रा का इतिहासकार आदित्य श्रीवास्तव

धर्म नगरी कवर्धा के राजपुरोहित परिवार के विद्वान, पर्यावरणविद, गौसेवक, समाजसेवी गोलोकवासी पं अर्जुन प्रसाद शर्मा द्वारा जन-कल्याण व विश्व कल्याण हेतु सन 1989 में मां काली शंकर बोल बम समिति की स्थापना की गई। तत्पश्चात बुधवार 2अगस्त सन 1989 श्रावण शुक्ल प्रतिपदा तिथि को सात सदस्यों के साथ पतित पावनी मां नर्मदा के उद्गम स्थल अमरकंटक से नर्मदा जल भरकर 160 किमी की कठिन व रोमांचक यात्रा कर नदी नालों पहाड़ की ऊंचाइयों और घाटियों को पार करते बोल बम का नारा लगाते हुए फोंकनदी के मध्य स्वयंभू जालेश्वर महादेव डोंगरिया व कवर्धा नगर के संकरी नदी के तट पर प्राचीन सिद्धपीठ पंचमुखी बूढ़ा महादेव में रविवार 6 अगस्त श्रावण शुक्ल पंचमी तिथि को जलाभिषेक कर यात्रा का समापन किया। प्रथम कांवरी यात्रा दल में स्व अर्जुन प्रसाद शर्मा के नेतृत्व में स्व शंकरलाल कश्यप, गणपत लाल साहू, छेदन लाल चौबे, रामकिशोर शर्मा, पुन्नी लाल साहू व नरेंद्र ठाकुर ने पूरे भक्तिभाव से यात्रा की। कांवरी यात्रा का उद्देश्य शास्त्रीय और पौराणिक विधि से श्रद्धा पूर्वक पवित्र जल लाकर जनकल्याण व स्व-कल्याण के लिए शिवजी का अभिषेक करना था। आदित्य श्रीवास्तव नें बताया कि उनके कुशल नेतृत्व में 1989 से 1998 तक अमरकंटक से कवर्धा तक अनवरत कांवरी यात्रा निकाली गई। सन 1999 से उनके निर्देशानुसार कवर्धा के सभी देवालयों से बोल बम कांवरी यात्रा प्रारंभ की गई जो आज विस्तारित होकर पूरे कबीरधाम जिले के अनेकों ग्रामों से अमरकंटक तक निकल रही है। मां काली बोल बम समिति ठाकुर पारा निरंतर 35 वर्ष से व मान संतोषी बोल बम समिति 25 वर्षो से निरंतर यात्रा कर रही हैं। तब से जिले में सैकड़ों बोलबम समितियां अमरकंटक से नर्मदा का पवित्र जल लाकर बूढ़ा महादेव में जलाभिषेक करती हैं। कुछ वर्ष पूर्व अर्जुन शर्मा द्वारा 700 कांवरियों का जत्था अमरकंटक प्रस्थान किया था। एक अनुमान के अनुसार अर्जुन शर्मा की प्रेरणा से अब तक 40 हजार कांवरिए यात्रा में जा चुके हैं। आज की तिथि में सिमगा, बेमेतरा, गंडई, थान खमरिया, दाढ़ी से हजारों श्रद्धालु जलाभिषेक करने कांवरी यात्रा करके बूढ़ा महादेव आते हैं। श्री शर्मा नें अपने जीवन काल में श्री राधा माधव गौशाला छपरी की स्थापना, सड़कों किनारे हजारों वृक्षारोपण, कलयुग केवल नाम अधारा को जीवंत करते हुए बूढ़ा महादेव में चौबीस घंटे लगातार श्रीराम नाम संकीर्तन 10 मार्च सन 1994 महाशिवरात्रि की पावन तिथि से प्रारंभ किया था अब तक वह अनवरत चल रहा है।

लथपथ किचड़ सड़क से मिलेगी ग्रामवासियों को निजात

- विधायक भावना बोहरा का कुम्ही व पड़कीकला की महिलाओं ने आभार व्यक्त किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

पंडरिया विकासखण्ड अंतर्गत कई ग्रामों में सड़क निर्माण व सुधार तथा मरम्मत कार्य को लेकर ग्रामीणों द्वारा जिम्मेदारों व विभागीय अधिकारियों को शिकवा शिकायत कर नवीनीकरण तथा मरम्मत कार्य की मांग व अवगत करने के बाद भी क्षेत्र के ग्रामीणों व रहवासियों को कीचड़ से लथपथ सड़क की मुक्ति के लिए मांग तथा नवीनीकरण की बाट जोह रहे थें, लेकिन स्थिति जस के तस होने से ग्रामीणो व राहगीरों तथा रहवासियों को भारी परेशानी व दिक्कतों का सामना करना पड़ता था।

प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्तमान में भाजपा के शासन काल में विकास कार्य की गति रफ्तार पकड़ने लगी है। क्षेत्र के ग्रामीण जन अपने घर के सामने गलियों को कीचड़ से सीसी रोड़ में बदलता देख रहे है। जिसमें ग्राम पड़कीकला व कुम्ही ग्रामवासीयों की मांगों को अब विधायक श्रीमती भावना बोहरा द्वारा सड़क निर्माण कार्य पर मुहर लगा दिया गया है वहीं कार्य स्वीकृत मिलने पर ग्राम कुम्हीं व पड़कीकला के राहवासियों व राहगीरों को कीचड़ भरी सड़क से राहत व निजात मिलने वाली है।

ग्रामीणों ने बताया कि उनकी प्राथमिक समस्या को देखते हुए ग्राम कुम्ही तथा पड़कीकला की महिलाओं ने कहा की विधायक श्रीमती भावना बोहरा से मुलाकात कर कीचड़ से लथपथ समस्या की सहजता से स्वीकार करते हुए उन्होंने तत्काल ग्रामवासी की समस्या को देखते हुए विधायक तत्काल स्वीकृति राशि से सीसी सड़क निर्माण स्वीकृत मिलने से ग्राम कुम्ही व पड़कीकला के ग्रामवासियों विधायक श्रीमती भावना बोहरा का आभार व्यक्त किया।

93 सहायक शिक्षक बने प्राथमिक शाला प्रधान पाठक

हरिभूमि कवर्धा। छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन जिला कबीरधाम जिलाध्यक्ष प्रेमनारायण शर्मा ने बताया कि सहायक शिक्षको की वर्षो पुरानी मांग धीरे-धीरे पूर्ण हो रहा है। इसी कड़ी मे मंगलवार को जिले के रानी दुर्गावती चौक स्थित स्वामी आत्मनंद स्कूल में प्रातः सुबह से सहायक शिक्षक का काउंसलिंग शुरू हुआ जो दोपहर 1 बजे तक चला। जिसमे उपस्थित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को अपने वरिष्ठता क्रम के अनुसार मन पसंद विद्यालय प्राप्त हुआ है। इसके लिए सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष सीडी भट्ट ने जिला शिक्षा अधिकारी वायडी साहू का आभार व्यक्त किया। साथ ही एमके गुप्ता सहायक संचालक जिला कबीरधाम एवं समस्त कर्मचारियों को बधाई व आभार व्यक्त किया। सीडी भट्ट ने बताया कि जिले मे कुल 93 प्राथमिक शाला प्रधान पाठक के रिक्त पदों को दिखाया गया और उसके अनुसार कुल 93 सहायक शिक्षक को काउंसलिंग हेतु बुलाया गया। जिसमे 02 महिला दिव्यांग, 06 पुरूष दिव्यांग, 02 महिला, विधवा शिक्षिका, महिला गंभीर बीमारी, पुरूष गंभीर बीमारी उसके बाद सामान्य 41 महिला, सामान्य 42 पुरुष को मौका मिला। इस प्रकार काउंसलिंग प्रक्रिया प्रारंभ हुआ जिसमे कुल 77 शिक्षक शिक्षिकाओं ने भाग लिया। 16 शिक्षक-शिशिकाएं अनुपस्थित रहे जो पदोन्नति लेना नही चाहते। इस प्रकार काउंसलिंग प्रक्रिया पारदर्शिता के साथ संपन्न हुआ, इसके लिए पुनः सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन जिला कबीरधाम की ओर से डीईओ वायडी साहू एवं पूरे टीम जो प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रुप से सहयोग प्रदान करने वालो बधाई प्रेषित की।

खबर संक्षेप

सोढ़ा स्कूल में शाला प्रवेश उत्सव उमंग के मनाया गया

हरिभूमि कवर्धा। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सोढ़ा में हर्षोल्लास व उमंग के साथ शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। जिसमें कक्षा 6वी में आए नव-प्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया व विद्यार्थियों को पाठ्य-पुस्तक, गणवेश वितरण किया गया साथ ही साथ पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष कृष्णा चंद्रवंशी, शिक्षाविद गोवर्धन चंद्रवंशी, प्रधान पाठक देवानंद चंद्रवंशी, शिक्षक आशिष मिश्रा, शिक्षिका श्रीमती प्रतिमा पांडेय, श्रीमती मीरा चंद्रवंशी सहित छात्र छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थें।

आरपीएस में फायर सेफ्टी कार्यशाला आयोजित

कवर्धा। रामकृष्ण पब्लिक स्कूल में सीबीएसई के निर्देशानुसार व नगर पालिका अग्नि शमन विभाग, सह नगर सेना के संयुक्त तत्वधान में अग्नि शमन संभावित खतरे से बचने कार्यशाला आयोजित की गई।

न्यायालय तहसीलदार पण्डरिया, जिला कबीरधाम (छ.ग.)

// ईश्तहार //

रा.प्र.क्र. ..... ब 121 / वर्ष 2023-24
आवेदिका-कमला ललित जाति सतनामी निवासी ग्राम पण्डरिया, तहसील पण्डरिया जिला-कबीरधाम (छ0ग0)

ईश्तहार द्वारा आम जनता ग्राम पण्डरिया प.ह.न. 36 को सूचित किया जाता है कि आवेदिका कमला पति ललित जाति सतनामी निवासी ग्राम पण्डरिया, तहसील पण्डरिया, जिला कबीरधाम के द्वारा तहसीलदार पण्डरिया के समक्ष इस आशय का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। कि आवेदिका के पुत्री नंदनी पिता ललित का जन्म दिनांक 07.07.1993 को ग्राम पण्डरिया में हुआ है, जिसका जन्म प्रमाण पत्र प्रदान किया जावे।

इस संबंध में जिस किसी को भी कोई आपत्ति हो तो वह अपना आपत्ति पत्र स्वयं उपस्थित होकर दो प्रति में दिनांक 29.07.2024 समय 11.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है।

उपरोक्त निर्धारित तिथि पश्चात प्राप्त आपत्ति पत्र को अमान्य समझा जावेगा। आज दिनांक 15/07/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से ग्राम में ईश्तहार जारी किया गया।
जारी दिनांक -15/07/2024
पेशी दिनांक - 29/07/2024

मुहर
तहसीलदार पण्डरिया
जिला -कबीरधाम

जिले में कुआं, हैण्डपंप, सोलर पंप सहित 13538 जलस्त्रोतों का क्लोरिनेशन व स्वच्छता अभियान शुरू

- उपमुख्यमंत्री के निर्देश पर बनी प्रभावी कार्ययोजना पर कार्य निष्पादन शुरू।

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा एवं आदिवासी बाहूल्य विकासखण्ड बोड़ला तथा पंडरिया सहित जिले के मैदानी विकासखण्ड कवर्धा व सहसपुर लोहारा के सभी ग्राम पंचायतों में संचालित-स्थापित सभी सार्वजनिक जलस्त्रोतों के माध्यम से स्वच्छ और निर्मल जल आपूर्ति के लिए प्रभावी कार्य योजना तैयार कर कार्य निष्पाद शुरू किया गया। जिले के ग्राम पंचायतों में स्थापित एंव संचालित 13538 सभी जलस्त्रोतों को कलोरिनेशन और उनके आसपास के क्षेत्रों की साफ-सफाई के लिए कार्य योजना तैयार की गई है। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने इस सभी कार्यों के लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, स्वास्थ्य अमला और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को संयुक्त रूप जिम्मेदारी दी। कलेक्टर ने जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारी, जनपद पंचायत सीईओ, खण्ड चिकित्सा अधिकारियों को विशेष मॉनिटनिंग करने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर श्री महोबे ने कहा कि ग्राम पंचायतों में संचालित सभी सार्वजनिक जल स्त्रोतों के माध्मय से ग्रामीणों को शुद्ध और निर्मल पेयजल आपूर्ति करना पंचायत के मूलभूत कर्तव्यों में शामिल है। स्थानीय स्तर पर पंचायत की टीम द्वारा विशेष कार्य किया जाना है। राज्य शासन एवं प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देशों पर कबीरधाम जिले के सभी विकासखण्डों के ग्राम पंचायत एवं उनके आश्रित गांवों में संचालित सभी जल स्त्रोतों को क्लोरिनेशन करने का अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने जिले में मौसमी बीमारियों, बरसात के दिनों में होने वाले जलजनित बीमारियों के प्रभावी रोकथाम के लिए प्रभावी कार्य योजना बनाने के दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने जिले के आदिवासी एवं विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा बाहूल विकासखण्डों में निवारसत सभी ग्रामों को कलस्टर बनाकर स्वास्थ्य परीक्षण के लिए शिविर आयोजित करने के भी निर्देश दिए है। उपमुख्यंत्री श्री शर्मा के निर्देश पर जिले के सभी जल स्त्रोतों को क्लोरिनेशन करने का अभियान शुरू गया।

बैठक में दिए आवश्यक निर्देश

कलेक्टर ने जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल, सीएमएचओ डॉ बीएल राज, लोक स्वास्थ्य यांत्रकीय विभाग के अधिकारियों को संयुक्त बैठक लेकर जिले के ग्राम पंचायतों में संचालित और स्थापित जल स्त्रोतों की उपयोगिता की जानकारी ली और उन सभी जल स्त्रोतों की क्लोरिनेशन और आसपास साफ-सफाई एक अभियान के रूप में चलाने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि जिले में पेयजल उपयोग के लिए 13538 जल स्त्रोतों का उपयोग किया जा रहा है। जिसमें मनरेगा के तहत बने 1194 कुआ भी शामिल है। इसके अलावा ग्राम पंचायतों में 10889 हैण्डपंप, नल जल प्रदाय योजना 231, स्थल जलप्रदाय योजना 106, सोलर आधारित जल प्रदाय 294 और स्थापित सिंगल फेस पावर पंप 818 है। कलेक्टर ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभागए स्वास्थ्य विभाग और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग के संयुक्त कार्य प्रबंधन से सभी जल स्त्रोतों की क्लोरिनेशन करने के निर्देश दिए है।

भगतपुर में एक वृक्ष मां के नाम पौधारोपण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

पंडरिया विकासखंड के ग्राम भगतपुर में चंद्रवंशी परिवार द्वारा एक मां के नाम कई पौधरोपण किया गया। जिसमें मां महामाया मंदिर, तालाब के चारों ओर कई प्रकार के छायादार व फलदार पौधरोपित किया गया। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक पेड़ मां के नाम योजना कार्यक्रम के तहत सोमवार को प्रदेश के मुखिया विष्णु देव साय ने पूरे विधि-विधान के साथ एक पीपल का पौधरोपण कर प्रदेश में भी इस योजना को शुरुआत किया गया। मुख्यमंत्री साय ने इस महाअभियान के तहत राज्य में चार करोड़ पौधे लगाए जाने की लक्ष्य रखा है, इसी महाअभियान के तहत सोमवार को चंद्रवंशी परिवार के द्वारा विभिन्न जगहों पर पौधरोपण किया गया साथ ही साथ संरक्षण व सुरक्षा का शपथ लिया गया। इस दौरान रामकुमार चंद्रवंशी, तारिणी चंद्रवंशी, रामफल चंद्रवंशी, रामप्रसाद चंद्रवंशी, अशोक चंद्रवंशी, सोनू चंद्रवंशी, संदीप चंद्रवंशी, राजेश चंद्रवंशी, लवलेश चंद्रवंशी एवं एनीबाई चंद्रवंशी सहित ग्रामीण जनों का सराहनीय योगदान रहा।

उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम सभी के लिए शिक्षा का प्रकाश स्तम्भ

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

पंडरिया क्षेत्रांतर्गत ग्राम पंचायत पेंड्री कला में शासन प्रशासन के योजनाओं को सफल बनाने के लिए उल्लास नवभारत साक्षरता (सर्वे) कार्य किया जा रहा है, जिसमें गांव में सभी अशिक्षित व्यक्तिओं को साक्षरता के लिए जन-जागरूक करके प्रेरित किया जा रहा है। इस योजना का उद्देश्य न केवल बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मकता प्रदान करना है बल्कि 21वीं सदी के नागरिक के लिए आवश्यक अन्य घटकों को भी शामिल करना है। जैसे महत्वपूर्ण जीवन कौशल (वित्तीय साक्षरता, डिजिटल साक्षरता, वाणिज्यिक कौशल, स्वास्थ्य देखभाल और जन-जागरूकता, बाल देखभाल और शिक्षा, परिवार कल्याण सहित व्यावसायिक कौशल विकास (स्थानीय रोजगार प्राप्त करने की दृष्टि से अशिक्षित व्यक्ति को साक्षरता का ज्ञान हो जाए तो उस व्यक्ति में सोचने समझने तथा एक-दूसरे को समझाने में आसान होगा और किसी दूसरे व्यक्ति पर आश्रित नहीं रहेगा, बल्कि अपने जीवन-अपने अज्ञानता की कमी को दूर करना तथा बौद्धिक स्तर में सुधार कर स्वयं की समस्या का भी समाधान होगा। साथ ही साथ दूसरे व्यक्ति को भी जागरूक करेंगें। इस योजना को ऑनलाइन माध्यम से स्वयंसेवा के माध्यम से क्रियान्वित किया जाएगा। ग्राम प्रभारी व प्रधान पाठक बैजनाथ चंद्राकर, सुश्री दीपा राठौर शिक्षिका का विशेष सहयोग रहा।

कांवड़ यात्रियों की सेवा का सौभाग्य प्राप्त होना हमारे लिए महादेव का आशीर्वाद : विधायक

भावना बोहरा ने जिले के कांवड़ यात्रियों के लिए अमरकंटक में निःशुल्क भोजन व ठहरने की व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

22 जुलाई से श्रावण माह शुरू होने वाला है। वहीं कांवड़ यात्री भी प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी पूरे हर्षोल्लास साथ भगवान शिवजी के प्रमुख धार्मिक स्थलों में कांवड़ में जल भरकर उनका जलाभिषेक करने पहुंचेंगे।

जिसमें प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी जिले से सैकड़ों की संख्या में कांवड़ यात्री कठिन यात्रा करके अमरकंटक में भगवान भोलेनाथ के दर्शन व जलाभिषेक के लिए पहुचेंगे। ऐसे में उनकी यात्रा को सुखद व सुगम बनाने के लिए इस वर्ष भी पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा द्वारा 22 जुलाई से 18 अगस्त तक नवनिर्मित पालिका परिषद, अमरकंटक, जिला अनूपपुर मध्यप्रदेश में निःशुल्क भोजन व ठहरने की व्यवस्था की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विगत तीन वर्षों से उनके द्वारा जिले के कांवड़ यात्रियों एवं श्रद्धालुओं के लिए यह निःशुल्क सुविधा उपलब्ध कराई जा रही हैं, जहां हजारों कांवड़ यात्रियों एवं श्रद्धालुओं को इसका लाभ मिला है।

मंगलवार को पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने कांवड़ यात्रियों के विश्राम हेतु उक्त स्थल का निरीक्षण किया, वहां हो रही तैयारियों का जायजा उनके द्वारा लिया गया साथ ही वहां किसी भी प्रकार की कांवड़ यात्रियों व श्रद्धालुओं को असुविधा न हो इसके लिए विशेष ध्यान रखने के लिए समुचित व्यवस्था करने के लिए निर्देश दिए।

सर्व सुविधा युक्त विश्राम स्थल एवं भोजन की व्यवस्था

विधायक श्रीमती बोहरा ने कहा कि जिले के सैकड़ों भक्तजन व कांवड़ यात्री पूरे उत्साह व भक्ति-भाव से अमरकंटक में भगवान भोलेनाथ के दर्शन-पूजन व जलाभिषेक करने के लिए जाते हैं। सैकड़ों किलोमीटर की इस कठिन यात्रा को सुगम बनाने तथा अमरकंटक जाने वाले कबीरधाम जिले के कांवड़ यात्रियों के विश्राम और सात्विक भोजन की समुचित व्यवस्था हेतु इस वर्ष भी अमरकंटक में सर्व सुविधा युक्त विश्राम स्थल एवं भोजन की व्यवस्था की है। यह हमारे लिए बहुत ही सौभाग्य की बात है कि प्रतिवर्ष हमें कांवड़ यात्रियों व भक्तजनों की सेवा करने का सौभाग्य हमें मिल रहा है। कांवड़ यात्रा निकालने से पुण्यदायी फल मिलते हैं और इस पुण्य का भागीदार बनने का सुअवसर मिलना हमारे लिए स्वयं भगवान शिव का आशीर्वाद मिलना है। कांवड़ यात्रियों की सेवा, उनके विश्राम तथा शुद्ध एवं सात्विक भोजन के लिए लगभग सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। तय स्थान में उनके विश्राम हेतु सभी प्रकार की समुचित सुविधा उपब्ध कराई जा रही है, जहां वे अपनी कठिन यात्रा के बाद विश्राम कर सकते हैं। प्रतिदिन उक्त स्थान में प्रतिवर्ष की भांति भगवान भोलेनाथ की भव्य महाआरती भी की जाएगी जहां सैकड़ों की संख्या में शिवभक्तों का आगमन होता है।

पाठक सूचना
कवर्धा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071

खबर संक्षेप

एड्स जागरूकता पर किया गया आयोजन

कवर्धा। नेहरू युवा केन्द्र कवर्धा (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार) एवं छत्तीसगढ़ एड्स कंट्रोल सोसाइटी के संयुक्त तत्वाधान में एड्स जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत खैरबना में किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत युवतियों द्वारा पोस्टर के माध्यम से एड्स के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अनिता यादव, और द्वितीय स्थान नेहा श्रीवास, ने प्राप्त किया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि के रूप में परमेंश्वर पटेल तथा लेखु साहु उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन पूर्व राष्ट्रीय युवा स्वंय सेवक पुनीराम यादव द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में युवती मंडल से इंद्राणी यादव, रूखमणी साहु, दुर्गा मेमनी यादव, बेदन धुर्वे, त्रिवेणी लांक्षी शंकुंतला निषाद, निशा साहु, जुगल साहु, रूपा कौशिक,श्यामवती धुर्वे, श्रुति साहु, टिकेश्वरी कौशिक, यीशु साहु, सावित्री साहु उपस्थित थें।

कुंबाखुर्द स्कूल में न्यौता भोज का आयोजन

पंडरिया। शासकीय प्राथमिक शाला कुबाखुर्द में शिक्षक विद्या चंद्राकर ने अपने जन्मदिन पर न्योता भोज कराया। बच्चों को खीर, पूड़ी, चावल, दाल, सब्जी, केला व अन्य व्यंजन परोसे गए। इस आयोजन को लेकर स्कूली बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला और उन्होने कार्यक्रम बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण समिति के साथ पाढ़ी रोड किनारे पौधे लगाए। लोगों को पौधरोपण के लिए प्रेरित किया। इस दौरान बीआरसीसी अर्जुन चन्द्रवंशी, समन्वयक दीपक ठाकुर, रघुनंदन गुप्ता, हमीदउल्ला खान, मोहन राजपूत, दूजराम निर्मलकर, गोविंद रजक, योगेश चन्द्रवंशी, पार्षद अनुराग ठाकुर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मौजूद थे।

विभागीय भर्राशाही के बीच महीनों से गायब सहायक शिक्षक एलबी तत्काल प्रभाव से निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले के शिक्षा विभाग में व्याप्त भारी भर्राशाही के बीच बीते सोमवार को जिले के विकासखण्ड बोड़ला के वनांचल ग्राम महराजपुरडीह में संचालित शासकीय प्राथमिक शाला में पदस्थ शिक्षक फत्ते सिंह के बीते कई महिनो से बगैर किसी पूर्व सूचना के स्कूल से नदारत रहने की खबर मीडिया के माध्यम से सामने आने पर शिक्षा विभाग व जिला प्रशासन ने अपनी नाक बचाने आरोपी शिक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया।

लेकिन सवाल यह उठ रहा है कि क्या इतने भर से नौनिहालों का भविष्य संवारने वाले इस स्कूल शिक्षा विभाग के जिम्मेदारों की जिम्मेदारी पूरी हो जाती है। सवाल यह भी उठता है कि आखिर इतने महिनो से स्कूल से नदारत शिक्षक की किसी विभाग के सक्षम अधिकारी ने सुध क्यों नहीं ली उसके खिलाफ कार्यवाही क्यों नहीं की। जबकि इस स्कूल में शिक्षक के अलावा एक प्रधान पाठक भी पदस्थ हैं, क्या प्रधान पाठक ने लापरवाह शिक्षक के संबंध में कभी अपने विभाग के उच्चाधिकारियों से शिकायत नहीं की और की है तो फिर उच्चाधिकारियों ने सोशल मीडिया में खबर आने के पूर्व ही लापरवाह शिक्षक के खिलाफ कार्यवाही क्यों नहीं की?

निश्चित रूप से इस पूरे मामले में नीचे से लेकर ऊपर तक के विभागीय अधिकारियों की जिम्मेदारी तय होनी चाहिए और आरोपी शिक्षक के खिलाफ निलंबन के साथ नो वर्क नो पेमेंट की कार्यवाही भी होनी चाहिए। यहां बताना लाजिमी होगा कि कलेक्टर जनमेजय महोबे के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी वाईडी साहू ने विकासखण्ड बोड़ला अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला महराजपुरडीह के सहायक शिक्षक एलबी फत्ते सिंह धुर्वे को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है।

निलंबन की यह कार्रवाई विकासखंड शिक्षा अधिकारी के प्रतिवेदन के आधार पर किया गया है।

विभाग ने माना महीनों से नदारत था शिक्षक

जारी आदेश में बताया गया है कि सहायक शिक्षक एलबी फत्ते सिंह धुर्वे 6 अक्टूबर 2023 से 04 अप्रैल 2024 तक अनुपस्थित रहते हुए 09 अप्रैल 2024 को मेडिकल अनफिट एंव फिट प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया है और 04 जुलाई 2024 से 10 जुलाई 2024 तक बिना सूचना के अनुपस्थित रहे है। इसके बाद 11 जुलाई 2024 को सुबह 11 बजकर 45 बजे मद्यपान की स्थिति में उपस्थित होने की सूचना प्राप्त हुई है। सहायक शिक्षक एलबी फत्ते सिंह धुर्वे का यह कृत्य सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के विपरीत है। अतः छ.ग. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के भाग 04 के नियम 09 में प्रदत्त शक्ति को प्रयोग में लाते हुए सहायक शिक्षक एलबी फत्ते सिंह धुर्वे को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, पण्डरिया नियत किया गया है तथा निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी।

हड़ताल: राजस्व सचिव के साथ मांगों को लेकर पहले दौर की वार्ता विफल

9 वें दिन भी जारी रही पटवारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

अपनी 16 सूत्रीय मांगों को लेकर बीते 8 जुलाई से जिला मुख्यालय कवर्धा के कर्मचारी भवन में अनिश्चिकालीन हड़ताल पर डंटे राजस्व पटवारी संघ की हड़ताल 9 वें दिन भी बदस्तूर जारी रही। प्रांतीय आव्हान पर प्रदेश सहित जिलेभर के पटवारियों की इस अनिश्चितकालीन हड़ताल का अब सीधा असर राजस्व विभाग के कामकाज पर भी दिखाई देने लगा है।

इस संबंध में संघ के जिलाध्यक्ष पालेश्वर सिंह ठाकुर ने बताया कि पटवारी संघ ने अपनी इन्हीं मांगों को लेकर दिसंबर 2020 में हड़ताल की थी उसके बाद मई 2023 में हड़ताल की गई लेकिन मांगों को शासन द्वारा आज पर्यंत आश्वासन के अलावा कुछ नहीं दिया गया। स्टेशनरी भत्ता, संसाधन भत्ता की सरकार द्वारा घोषणा भी की गई किंतु वह मात्र घोषणा ही रह गई। 2015 में जब अभिलेख ऑनलाइन किया गया है तब से पटवारी कंप्यूटर, इंटरनेट, प्रिंटर आदि की मांग कर रहे हैं किंतु आज पर्यंत संसाधन नही दिया जा सका। प्रदेश में पटवारियों का मुख्यालय निर्धारित है लेकिन मुख्यालय में आवश्यक सुविधा जैसे कार्यालय टेबल, कुर्सी, अलमीरा आदि नही दिया जा सका। मुख्यालय में सुविधाओं का अभाव साथ ही पटवारियों के परिवार के लिए अच्छी पढ़ाई आदि व्यवस्था की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए पटवारियों द्वारा मुख्यालय निवास की बाध्यता खत्म करने की मांग की गई थी क्योकि यह नियम तब बनाया गया था जब सड़कों व आवागमन का आभाव था आज पर्याप्त व्यवस्था हो चुकी हैं, मिनटों में मुख्यालय में उपस्थित हो सकते हैं, फिर भी इस मांग को खारिज कर दिया गया था। संघ ने कहा कि पटवारियों के खिलाफ बिना विभागीय जांच के एफआई आर दर्ज की जा रही है इस मांग में एक विभागीय पत्र जरूर जारी हुआ था किंतु आज भी सिर्फ शिकायत के आधार पर ही बिना विभागीय जांच के एफआईआर दर्ज किया जा रहा है। राजस्व निरीक्षक पद पर सीधी भर्ती बन्द करते हुए वरिष्ठता के आधार पर 50 प्रतिशत औऱ विभागीय परीक्षा के आधार पर 50 प्रतिशत पदोन्नति की मांग किया गया था किंतु आज तक मांगो को दरकिनार करते हुए वरिष्ठता के आधार पर पदोन्नति नही दिया जा सका। उन्होने बताया कि ये सभी मांगे वर्षो की पुरानी मांगे हैं। लेकिन इन पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इसके अलावा संघ अन्य कई मांगे लंबित पड़ी है। यही वजह है कि संघ ने अब आरपार की लड़ाई का मन बनाया है। और अनिश्चितकालीन हड़ताल पर डंटे हुए हैं।

राजस्व सचिव के साथ पहले दौर की वार्ता बेनतीजा

संघ के जिलाध्यक्ष पालेश्वर सिंह ठाकुर ने बताया कि पटवारियों की हड़ताल गत 8 जुलाई से जारी है। इस बीच मांगों को लेकर संघ के प्रतिनिधि मण्डल की एक बैठक राजस्व सचिव के साथ रायपुर मंत्रालय में हो चुकी है। लेकिन इस बैठक में दोनो पक्षों के बीच कोई सहमति नहीं बन पाई और चर्चा कुल मिलाकर विफल रही। ऐसे में दूसरे दौर की बैठक कब होगी और उसमें क्या कोई समाधान निलकर सामने आ पाएगा फिलहाल इसका संघ के पास कोई जवाब नहीं है। हां संघ के जिलाध्यक्ष श्री ठाकुर ने इतना जरूर बताया कि संघ की आगामी रणीनीति को लेकर एक प्रांतीय स्तर बैठक का आयोजन 17 जुलाई को रायपुर में आयोजित की गई है।

सरपंच, रोजगार सहायक एवं तकनीकी सहायक से 12 लाख से अधिक की होगी वसूली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत जनपद पंचायत बोड़ला के ग्राम पंचायत मडमडा में कराए गए तालाब गहरीकरण कार्यां में फर्जी मास्टर रोल दर्ज कर शासकीय धनराशि के दुरुपयोग करने की शिकायत समाचार के माध्यम से प्राप्त हुई थी।

प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर जनमेजय महोबे द्वारा इसे तत्काल संज्ञान में लिया और जिला पंचायत सीईओं को जांच कमेटी गठन करने के निर्देश दिए। जांच समिति द्वारा मौके पर उपस्थित होकर प्रकरण की जांच की गई। जांच में पाया गया कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत ग्राम पंचायत मडमडा में तालाब गहरीकरण कार्य देवचरण के घर के पास में व्यय राशि 3 लाख 90 हजार 352 रुपए एवं खसरा नंबर 171 रकबा 3.834 हेक्टेयर में स्वीकृत कार्य में व्यय राशि 8 लाख 36 हजार 240 रुपए सहित कुल 2 कार्यों में बिना कार्य कराए मास्टर रोल में फर्जी हजारी दर्ज कर 12 लाख 26 हजार 592 रुपए का दुरुपयोग करना जांच समिति द्वारा पाया गया।

जांच में शिकायत सही पाए जाने पर कलेक्टर जनमेजय महोबे के निर्देशानुसार अनियमितता के लिए दोषियों के विरुद्ध तत्काल प्रभावी कार्यवाही की गई है। जिसमें ग्राम पंचायत मडमडा की सरपंच श्रीमती सुखनी बाई पटेल द्वारा अपने दायित्व के निर्वहन में गंभीर लापरवाही एवं वित्तीय अनियमिता बरतने के कारण छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 में निहित प्रावधानों के अनुसार कार्यवाही करने का प्रस्ताव अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनुभाग बोड़ला को प्रेषित करते हुए ग्राम रोजगार सहायक प्रमोद कुमार कुर्रे को पद से पृथक किया गया है। इसके साथ ही कलेक्टर श्री महोबे के निर्देशानुसार संबंधित तकनीकी सहायक को पद से बर्खास्त करने के निर्देश पर तत्काल प्रभाव से जिला पंचायत में संलग्न करते हुए सेवा से बर्खास्तगी का नोटिस जारी किया गया है।

साथ मे ग्राम पंचायत मडमडा के सचिव, कार्यक्रम अधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बोड़ला को भी कार्यों में लापरवाही बरतने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी कर सात दिवस में जवाब मांगा गया है। उल्लेखनीय है कि अनियमितता की राशि 12 लाख 26 हजार 592 रुपए की वसूली ग्राम पंचायत सरपंच ग्राम रोजगार सहायक एवं संबंधित तकनीकी सहायक से बराबर-बराबर वसूली करने का प्रस्ताव भी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनुभाग बोड़ला को प्रेषित किया गया है।

नशामुक्ति के लिए 50 मास्टर स्वयं सेवक किए जाएंगे नियुक्त

- नशामुक्त भारत अभियान के तहत मादक द्रव्यों के दुष्प्रभावों से बचाव के लिए करेंगे प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

समाजिक न्याय अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा नशामुक्ति भारत अभियान का संचालन किया जा रहा है।

नशामुक्त भारत अभियान के तहत मादक द्रव्यों के दुष्प्रभावों से बचाव के लिए कबीरधाम जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में 50 मास्टर स्वयं सेवकों (मास्टर वालेंटिरर्स) की नियुक्ति की जा रही है। उक्त मास्टर वालेंटियर्स अपने क्षेत्र में मादक द्रव्यों के दुष्प्रभावों से बचाव के लिए जनजागरूकता लाने का प्रयास करेगी एवं की गई कार्यवाही एनएमबीए मोबाईल एप में अपलोड करेंगी।

नशामुक्त भारत अभियान के तहत जिले में कलेक्टर जनमेजय महोबे की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है, जिसमें पुलिस अधीक्षक, विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रतिनिधि, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास, उपसंचालक, समाज कल्याण, नशामुक्ति के क्षेत्र में कार्यरत स्वैच्छिक संस्था के प्रतिनिधि, नशामुक्ति के क्षेत्र में योगदान दिए 02 सेवा निवृत्त शासकीय सेवक, नशामुक्ति केन्द्र का प्रतिनिधि शामिल है। उक्त समिति मादक द्रव्यों के दुष्प्रभावों से बचाव के लिए जिले में जनजागरूकता लाने तथा नशापीड़ितों की पहचान कर उनके उपचार एवं पुनर्वास के लिए अस्पताल, नशामुक्ति केन्द्र ले जाने, परामर्श तथा उपचार सुविधाओं की निगरानी कराना, शिक्षण संस्थाओं के 100 मीटर की सीमा में सिगरेट के विक्रय पर प्रतिबंध लगाना जैसे नशामुक्ति के लिए विभिन्न कार्ययोजना बनाते हुए जिले को मादक द्रव्यों के दुष्प्रभावों से बचाने के लिए कार्य करेगी।

कोतवाली पुलिस ने जुआरियों के खिलाफ की बड़ी कार्रवाई, आठ जुआरी गिरफ्तार

- 03 नग मोटर सायकल 08 नग मोबाईल एवं नगदी 2,31,000 रूपए जप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कवर्धा कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर जुआरियों के खिलाफ बड़ी कार्यवाही करते हुए आठ जुआरियों को जुआ खेलते रंगे हांथो गिरफ्तार किया है। इन जुआरियों में दुर्ग और रायपुर जिले के भी जुआरी शामिल हैं। पुलिस ने इन जुआरियों के पास से 03 नग मोटर सायकल 08 नग मोबाईल एवं नगदी 2,31,000 रूपए नगदी जप्त किए हैं। गिरफ्त में आए सभी जुआरियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिशेध अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के तहत कार्यवाही की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मुखबीर के जरिए कवर्धा कोतवाली पुलिस को इस बात की सूचना मिली थी की कुछ लोग थाना क्षेत्र के ग्राम सोनपुरी (रानी सागर) में फड़ जमाकर तास पत्ती के माध्यम से रूपए पैसों का दांव लगाकर काट पत्ती खेल रहे हैं। इस सूचना पर वरिष्ठ अधिकारियों के मार्ग दर्शन तथा कोतवाली निरीक्षक आशीष कंसारी के नेतृत्व में एक टीम गठित कर तत्काल मौके पर दबिस दी गई और आरोपी हेमंत राज लहरे पिता संतोष कुमार लहरे उम्र 27 साल निवासी भीमपुरी थाना कवर्धा, बलदेव साहू पिता नोहर राम साहू उम्र 35 साल निवासी सोनपुरी (रानीसागर) थाना कवर्धा, रोहित जांगड़े पिता बहादुर जांगड़े उम्र 39 साल निवासी वार्ड नं 18 मिनीमाता चौक कवर्धा, सुखनंदन नेताम पिता दरियार सिंह नेताम उम्र 35 साल निवासी मठपारा कवर्धा, विनय वैष्णव पिता अजय वैष्णव उम्र 32 साल निवासी उडिय़ा खुर्द थाना कवर्धा, डिकेश कहार पिता ईश्वरी कहार उम्र 28 साल निवासी वार्ड नं 6 भोईपारा धमधा थाना धमधा दुर्ग, दयादास बारले पिता बगस बारले उम्र 58 साल निवासी हीरापुर चौकी दशरंपुर थाना पिपरिया तथा अनिल चंद्रवंशी पिता बंशीलाल चंद्रवंशी उम्र 38 साल निवासी मठपुरैना थाना-टिकरापरा रायपुर को दबोच लिया। पुलिस ने इन आरोपियों के पास 03 नग मोटर सायकल 08 नग मोबाईल एवं नगदी 2,31,000 रूपए जप्त कर छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिशेध अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के तहत कार्यवाही की है।

इस कार्यवाही में निरीक्षक आशीष कंसारी, प्रधान आरक्षक अमित चंद्रवंशी, चुम्मन साहू, बालक दास टंडन, अभिनव तिवारी, आरक्षक आकाश राजपूत, उपेन्द्र ठाकुर, मनीष कुमार, शैलेन्द्र निषाद, अभिनय तिवारी, अमित ठाकुर, सुनील चंद्रवंशी का सराहनीय योगदान रहा है।

बोलबम पदयात्रियों की व्यवस्था को लेकर जिला प्रशासन व समिति की बैठक आयोजित

कवर्धा। श्रावण माह में बूढ़ा महादेव मंदिर एवं भोरमदेव मंदिर में अधिक संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने आते है साथ ही जिले के बोलबम समिति एवं अन्य जिलों से आने वाले बोल बम पदयात्री भी हजारों की संख्या में जल चढ़ाने व दर्शन करने मंदिर पहुंचते है। ऐसे में श्रद्धालुओं को सुलभ दर्शन एवं व्यवस्था के लिए उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने प्रशासन को विशेष प्रबंध करने के निर्देश दिए है। इसी तारतम्य में उनकी टीम ने जिला बोल बम के सदस्यों एवं जिला प्रशासन के साथ बूढ़ा महादेव मंदिर परिसर में समन्वय बैठक कर तैयारियों के संदर्भ में व्यापक चर्चा कर व्यवस्था बनाने की पहल शुरू कर दी है। जिसमें विभिन्न स्थानों में कांवरियों के गरिमापूर्ण आवास, भोजन, विश्राम, सुविधाओं एवं सुगम जलाभिषेक के लिए व्यवस्थाओं के संबंध में व्यापक विमश किया गया। बोलबम यात्री सम्बंधित समन्वय बैठक में अनिल ठाकुर, कैलाश चंद्रवंशी, चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी जिला पंचायत सी ई ओ सहित विभिन्न विभागों के जिला प्रमुख, बोल बम यात्रा समन्वय समिति के सदस्य सूर्या केसरी, सुधीर केसरवानी, मनीष मोहन, नरेंद्र मानिकपुरी, निशांत झा, जिला बोल बम समिति से बीरेंद्र शर्मा, गोपी शर्मा, प्रभात गुप्ता कन्हैया गुप्ता, सनत शर्मा, अजय गुप्ता संतोष गुप्ता आदि उपस्थित थे।

जिला कार्यालय कवर्धा में आयोजित की गई एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला

लोक अभियोजकों एवं अधिवक्ताओं को दिया गया तीन नए कानून का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

तीन नए आपराधिक कानूनों पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन रविवार को कलेक्टोरेट कार्यालय के सभागार में किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती सत्यभामा अजय दुबे के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यशाला की शुरूआत में विधिक सेवा प्राधिकरण कवर्धा के सचिव राहुल कुमार ने तीन नए कानून में हुए बदलाव पर प्रकाश डाला।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती सत्यभामा अजय दुबे ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्बोधन में कहा कि नए कानूनों का लक्ष्य पीड़ितों को समयबद्ध न्याय दिलाना है जिसमें मानवीय सामाजिक सरोकारों को भी लक्ष्य कर जोड़ा गया है। प्रशिक्षण कार्यशाला में अधिवक्ता संघ कवर्धा एवं पंडरिया के अधिवक्तागण, लोक अभियोजक एवं अतिरिक्त लोक अभियोजकगण शामिल हुए। छत्तीसगढ़ राज्य ज्यूडिशियल एकेडमी बिलासपुर के निर्देशानुसार अधिवक्ताओं, लोक अभियोजन अधिकारियों एवं शासकीय अभिभाषकों के लिए तीन नए कानून भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, भारतीय न्याय संहिता 2023 तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 पर प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

दो सत्रों में आयोजित इस कार्यशाला के पहले सत्र में पल्लव रघुवंशी न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी द्वारा भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023, के बारे में बताते हुए नए कानून में डिजिटल साक्ष्य की ग्राह्यता के संबंध में प्रकाश डाला गया कि डिजिटल और इलेक्ट्रानिक अभिलेख भी साक्ष्य में अन्य अभिलेखों की तरह ग्राह्य होंगे तथा ग्राह्यता की प्रक्रिया भी बतायी गई।

मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती श्वेता श्रीवास्तव द्वारा नए भारतीय न्याय संहिता 2023 की विस्तार से जानकारी दी गई। उनके द्वारा भारतीय न्याय संहिता में जोड़े गये नए अपराध जैसे संगठित अपराध एवं आतंकवादी कृत्य से संबंधित अपराध के बारे में बताया गया। प्रशिक्षण कार्यशाला के द्वितीय सत्र में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री श्रीनिवास तिवारी द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई।

92 हजार 237 बच्चों को विटामिन ए एवं 97 हजार 663 बच्चों को आयरन सिरप पिलाने का रखा गया लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कलेक्टर जनमेजय महोबे के मार्गदर्शन में शिशु संरक्षण माह जिले में 19 जुलाई से 23 अगस्त 2024 तक प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को निर्धारित स्थल पर सत्र आयोजित किया जाएगा।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बी एल राज द्वारा पालकों से अपील किया गया कि निर्धारित तिथियों में नजदीकी स्वास्थ्य केंद्रों या आंगनबाड़ी केंद्रों में जाकर अपने बच्चों को विटामिन ए एवं आयरन सिरप की दवा अवश्य पिलाए। नोडल अधिकारी डॉ सलिल मिश्रा ने बताया कि 05 वर्ष से कम आयु के शिशुओं में कुपोषण जनित बिमारियों में कमी लाने के लिए प्रदेश के सभी जिलों में 09 माह से 05 वर्ष तक के आयु वाले बच्चों को वर्ष में दो बार विटामिन ए अनुपूरण शिशु संरक्षण माह के माध्यम से दिया जाना है। शिशु संरक्षण माह के अंतर्गत सत्र आयोजन कर विटामिन ए की खुराक, आई.एफ.ए.सीरफ, डयू बच्चों का टीकारण, बच्चों का वजन, गंभीर कुपोषित बच्चों का चिन्हांकन कर पोषण पुर्नवास केन्द्र में आहार की प्रदायगी किया जाएगा।

जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्रीमती अनुपमा तिवारी ने बताया कि शिशु संरक्षण माह के अंतर्गत शत प्रतिशत बच्चों को लाभ दिलाने के लिए स्वास्थ्य कार्यकर्ता और मितानिन तथा आगनबाडी कार्यकर्ताओं को कार्ययोजना अनुरूप प्रशिक्षित किया गया ताकि एक भी शिशु न छुटे।